
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ओटीटी पर रिलीज के...

यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

वर्ष : 12 | अंक : 172 | लखनऊ, 16 जून, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### प्रीतम बॉलीवुड म्यूजिक से ले रहे हैं ब्रेक?

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार और गायक प्रीतम ने अपने जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिससे करोड़ों फैंस के बीच उनके बॉलीवुड छोड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। प्रीतम ने लिखा, सभी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।



आज मैंने खुद को कुछ साल अलग तरह से जीने का तोहफा देने का फैसला किया है। उन चीजों को पूरा करने का समय आ गया है, जो इतने सालों में मुझसे छूट गईं। उन्होंने आगे लिखा कि अब मेनस्ट्रीम से हटकर उन अनछुए रास्तों को तलाशने का समय है, जिन्हें बहुत लंबे समय से पीछे छोड़ दिया गया था। इस इमोशनल पोस्ट के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अरिजीत सिंह के बाद अब प्रीतम भी कमर्शियल म्यूजिक से दूरी बना सकते हैं।

### थोक महंगाई 43 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली। देश में आम जनता पर महंगाई की मार और बढ़ गई है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में थोक



मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई है, जो पिछले 43 महीनों में सबसे अधिक है। अप्रैल में यह 8.26% थी। इसकी मुख्य वजह ईंधन, बिजली रोजमर्रा की चीजों के दामों में हुई बढ़ोतरी है।

### महिला को गोली मारी फिर खुद को भी उड़ाया

जबलपुर। गोरखपुर थाना क्षेत्र में मर्डर और सुसाइड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भंडारी अस्पताल के पास



राजुल डुप्लेक्स में रहने वाली शक्ति कोहली की उसके बिजनेस पार्टनर दीपेश राठौर ने गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद को भी मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा, जहां दोनों के खून से सने शव मिले।

## अयोध्या राम मंदिर दान में हेराफेरी: सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

# एफआईआर दर्ज कर सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की गई

यूपी सरकार ने तीन सदस्यों की एसआईटी बनाई



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दान की राशि में कथित हेराफेरी के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दी गई है। एडवोकेट अनूप प्रकाश अवस्थी ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को यह पत्र भेजा है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही, उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की सीधी निगरानी में सीबीआई जैसी किसी बड़ी एजेंसी से स्वतंत्र जांच कराने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि यह मामला करोड़ों लोगों की आस्था और भरोसे से जुड़ा है। राम मंदिर के दान के पैसों में



गड़बड़ी या उनके गायब होने की खबरों ने देश और विदेश के भक्तों को बहुत चिंतित कर दिया है। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई है, लेकिन अभी तक कोई औपचारिक आपराधिक मामला या एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। अर्जी के अनुसार, एफआईआर न होने से संस्थान की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

### नृपेंद्र मिश्र बोले- जांच में कोई ढिलाई नहीं होगी

राम मंदिर दान पात्र में कथित गड़बड़ी के मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी को लेकर राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार ने बेहद तेजीसे कार्रवाई करते हुए एसआईटी का गठन किया है और अब जांच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

### इकबाल अंसारी बोले- भगवान स्वयं अपने पैसे को ढूंढ लेंगे

राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर बाबरी मस्जिद के पूर्व पैरोकार इकबाल अंसारी ने निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। उन्होंने एसआईटी पर भरोसा जताते हुए कहा कि जांच पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से होनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

### अयोध्या में एसआईटी की एंट्री

#### 15 दिनों में आएगी अंतिम रिपोर्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यों की एसआईटी बनाई है। इसमें लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत, आईजी किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं।

# भारत-अमेरिका समझौते पर 99 प्रतिशत बनी सहमति, कुछ मुद्दों का समाधान भी हो जाएगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भारत और अमेरिका प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत तेज करने जा रहे हैं। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल 23-24 जून को नई दिल्ली पहुंचेगा, जहां समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए उच्चस्तरीय चर्चा की जाएगी।

यह जानकारी सोमवार को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने दी। मासिक व्यापार आंकड़ों की ब्रीफिंग के दौरान वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यूएसटीआर का प्रतिनिधिमंडल अपनी यात्रा के दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और भारत के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा। अग्रवाल ने कहा, हमारी उम्मीद है कि यह चर्चा समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने के साथ-साथ उस व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर भी केंद्रित होगी, जिस पर दोनों देशों के बीच पहले से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि वार्ता का उद्देश्य केवल अंतरिम समझौते को पूरा करना ही नहीं, बल्कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में भी प्रगति करना है। यह दौरा इसी महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में हुई वार्ताओं के बाद हो रहा है, जब यूएसटीआर के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय अधिकारियों के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। 2 से 4 जून के बीच हुई उन बैठकों के बाद सरकार ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वस्तुओं के व्यापार, गैर-शुल्कीय बाधाओं, सीमा शुल्क और व्यापार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा सहयोग तथा अन्य पारस्परिक हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भारत और अमेरिका ने इससे पहले फरवरी में एक संयुक्त बयान जारी किया था, जिसमें पारस्परिक और दोनों देशों के लिए लाभकारी व्यापार के आधार पर एक अंतरिम समझौते का खाका पेश किया गया था।

## पीएम नरेंद्र मोदी का स्लोवाकिया में 'परंपरा व विरासत' से वेलकम

# नमक रोटी भेंट की, पंचतंत्र की चित्रावली दिखाई गई, कीर्तन मंडली ने भजन भी गाए

स्लोवाकिया ने साफ संदेश दिया कि भारत उसके लिए एक अहम पार्टनर है और वह रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाना चाहता है



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के दौरान स्लोवाकिया पहुंचे, जहां उनका स्वागत एक खास परंपरा के साथ किया गया। एयरपोर्ट पर उन्हें 'ब्रेड एंड सॉल्ट' यानी रोटी और नमक भेंट किया गया। पहली नजर में यह तरीका थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन स्लोवाकिया और दूसरे स्लाविक देशों में यह सम्मान और दोस्ती का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है। खास बात यह है कि 1993 में स्लोवाकिया के गठन के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। ऐसे में यह स्वागत सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों का भी संदेश माना जा रहा है। स्लोवाकिया में किसी खास मेहमान का स्वागत ब्रेड और सॉल्ट देकर करना सदियों पुरानी परंपरा है।

सम्मान, दोस्ती और गुडविल का प्रतीक माना जाता है नमक रोटी को



पीएम मोदी को नमक रोटी भेंट करते हुए, दूसरे चित्र में भजन मंडली की प्रस्तुति

» *1993 में स्लोवाकिया के गठन के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा*

» *भारतीय कंपनियों के लिए यूरोप में नए अवसर और स्लोवाकिया के लिए भारत जैसे बड़े बाजार तक पहुंच भी बैठक का अहम एजेंडा*

### ब्रेड और नमक का क्या होता है मतलब?

इस परंपरा में दोनों चीजों का अलग-अलग महत्व है। ब्रेड को समृद्धि, भोजन और जीवन का प्रतीक माना जाता है। इसका मतलब है कि मेहमान के साथ खुशहाली और संसाधन साझा किए जा रहे हैं। वहीं नमक को वफादारी, भरोसे और लंबे समय तक चलने वाली दोस्ती का प्रतीक माना जाता है।

### क्यों खास है मोदी की स्लोवाकिया यात्रा?

यह यात्रा इसलिए ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि स्लोवाकिया के स्वतंत्र देश बनने के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री वहां पहुंचा है। इससे पहले दोनों देशों के रिश्ते अच्छे रहे हैं, लेकिन इतनी हाई-लेवल यात्रा कभी नहीं हुई।

### स्लोवाकिया के बाद क्या है मोदी का अगला प्लान?

स्लोवाकिया में दो दिन के कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी फिर फ्रांस जाएंगे, जहां वह जी7 समिट में हिस्सा लेंगे। इस समिट में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेता वैश्विक अर्थव्यवस्था, एआई, सुरक्षा, ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मोदी कई देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। ऐसे में स्लोवाकिया दौरा सिर्फ एक पड़ाव नहीं बल्कि यूरोप में भारत की बढ़ती कूटनीतिक सक्रियता और वैश्विक भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## आवारा कुत्ते का मासूम पर जानलेवा हमला

# डॉक्टरों ने प्लास्टिक सर्जरी से री-कंस्ट्रक्ट किया चेहरा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



घावों पर लगाए गए करीब 40 टांके

नालछा तहसील के ग्राम बांग्ला में आवारा कुत्तों का खूंखार रूप सामने आया है। यहां घर के आंगन में खेल रही आनंद जाट की तीन वर्षीय मासूम बेटी हितांशी पर एक आवारा कुत्ते ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इससे पहले कि परिजन कुछ समझ पाते, कुत्ते ने बच्ची के चेहरे को बुरी तरह नोंच डाला, जिससे उसकी नाक और कान के पास का मांस तक बाहर निकल आया। धार के अस्पताल में डॉ. मयंक महाजन और उनकी टीम ने बेहद गहरे जख्मों को देखते हुए करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत की।

## सीधी में दर्दनाक हादसा

# सोन नदी में पिकनिक मनाने गए मैहर के चार युवक-युवतियां डूबे

एक युवती का शव बरामद तीन की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पुलिस की टीम जांच करते हुए

रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोन नदी के भंवरसेन घाट पर सोमवार दोपहर करीब 1 बजे एक बड़ा हादसा हो गया, जिससे पिकनिक की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मैहर से अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ पिकनिक मनाने आए चार युवक-युवतियां नदी में नहाते समय अचानक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गए।

## शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि की मांग

# कड़ी धूप में 'अर्धनग्न' होकर किया सड़क पर दंडवत प्रणाम

जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय से लोक शिक्षण संचालनालय तक किया प्रदर्शन



सड़कों पर प्रदर्शन करते शिक्षक

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रदेश में शिक्षक भर्ती परीक्षा 2025 में पद वृद्धि की मांग को लेकर उम्मीदवारों का प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। शिक्षक भर्ती उम्मीदवारों ने सोमवार को जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय से लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) तक अनोखा प्रदर्शन किया।

इस दौरान उम्मीदवार कड़ी धूप में अर्धनग्न होकर सड़क पर ही लेट गए और दंडवत प्रणाम करते हुए डीपीआई तक पहुंचे। उम्मीदवारों ने सरकार से वर्ग-3 प्राथमिक शिक्षक भर्ती में 25 हजार पद बढ़ाने तथा वर्ग-2 माध्यमिक शिक्षक भर्ती में प्रत्येक विषय में 3-3 हजार अतिरिक्त पद जोड़ने की मांग की है। अभ्यर्थियों कहा कहना है कि वह पिछले कई महीनों से अलग-अलग चरणों में धरना, प्रदर्शन, मुंडन और मार्कशीट दहन जैसे आंदोलन कर चुके हैं। परंतु मांगों पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षक भर्ती उम्मीदवारों ने हाथों में तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की और शिक्षक भर्ती में रिक्त पदों के अनुरूप पद वृद्धि कर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग उठाई। अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश में शिक्षकों के एक लाख से अधिक पद रिक्त हैं, लेकिन भर्ती में केवल 8 से 10 हजार पद ही निकाले जाते हैं।

## ट्विशा शर्मा डेथ केस

# आज कोर्ट में पेश होंगे गिरिबाला और समर्थ दूसरी पीएम रिपोर्ट सौंप सकती है सीबीआई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,





गिरिबाला सिंह | समर्थ सिंह

राजधानी भोपाल के बहुचर्चित ट्वीशा शर्मा सुसाइड केस में सोमवार को अहम सुनवाई होने जा रही है। मामले में आरोपी गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। इस दौरान जांच एजेंसी मामले से जुड़ी दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है, जिस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।अदालत को अब तक की जांच, पूछताछ और जुटाए गए साक्ष्यों की जानकारी देगी। दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद एजेंसी आरोपियों की आगे की हिरासत की मांग कर सकती है। दूसरी ओर बचाव पक्ष की ओर से जमानत याचिका पर सुनवाई की मांग किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

### एटीएस के आरोपी भी होंगे कोर्ट में पेश

इधर, मध्य प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) द्वारा हाल ही में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद फराज और उसके साथ पकड़े गए अन्य आरोपियों को भी सोमवार को विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। एटीएस का दावा है कि आरोपियों को प्रदेश में नेटवर्क खड़ा करने और सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने का टारगेट दिया गया था। एटीएस अदालत से आरोपियों की रिमांड बढ़ाने की मांग कर सकती है ताकि नेटवर्क, फंडिंग और अन्य संपर्कों से जुड़े पहलुओं की गहन जांच की जा सके।

## प्रदेश में पारा 40 डिग्री के नीचे, कुछ जिलों में बारिश, तेज हवाएं चलीं

18 जून को आएगा नया पश्चिमी विक्षोभ प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ेंगी

# 20 जून के आसपास प्रदेश में मानसून का 'आगमन'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राजधानी सहित करीब दो दर्जन जिलों में सोमवार को सुबह से देर रात के बीच मौसम बदला रहा। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। प्रदेश में दिन का पारा 40 डिग्री से नीचे रहने से कुछ राहत रही। यह सामान्य से औसतन 2 डिग्री अधिक दर्ज हुआ है। सोमवार को भी दो दर्जन से अधिक जिलों में पारा एक से दो डिग्री तक बढ़ा,जबकि आधा दर्जन जिलों में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त रही। मंगलवार को भोपाल सहित कुछ जिलों में मौसम का यही मिजाज रहेगा।



भोपाल में दिन भर आसमान में बादलों की लुका-छिपी चलती रही

### यहां चलेगी आंधी

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को सीहोर, सागर में 40 से 50 किमी की रफ्तार से आंधी चलेगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां,अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा,सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में कुछ जगह तेज हवाएं और बौछारें पड़ेंगी।

### इन जिलों में गर्मी बढ़ी

सोमवार को पश्चिमी मप्र के धार, गुना, इंदौर, राजगढ़, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन में पारा 1 से 3 डिग्री तक बढ़कर औसतन 39 डिग्री रहा। भोपाल में दशमलव 9 डिग्री गिरकर 34.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री कम है। पूर्वी मप्र के दमोह, छिंदवाड़ा, नौगांव, खजुराहो, जबलपुर, सागर, सतना, टीकमगढ़ और मलाजखंड में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। यहां औसत अधिकतम पारा 38 डिग्री तक रहा। यह औसत सामान्य से करीब 3 डिग्री अधिक रहा। प्रदेश में औसत पारा 40 डिग्री रहा, जो सामान्य से औसतन 2 डिग्री अधिक रहा है।

# जन समस्याओं का समाधान भी होगा और पात्रों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ - केशव प्रसाद मौर्य

## समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपरक निस्तारण के अधिकारियों को दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः 16 जून 2026 । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं न्यायपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उप मुख्यमंत्री स्वयं फरियादियों के बीच पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। नागरिकों की सुविधा के लिए शीतल पेयजल, शरबत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई थीं।

जनता दर्शन में भूमि एवं राजस्व विवाद, अवैध कब्जे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस प्रशासन, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े अनेक प्रकरण प्रस्तुत किए गए। उप मुख्यमंत्री ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन सरकार और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से शासन को जनसमस्याओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती है और उनके समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में सहायता प्राप्त होती है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाने और पात्र लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और किसी भी पीड़ित नागरिक को न्याय प्राप्त करने के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं जरूरतमंद वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन ही सुशासन की पहचान है।

भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से संबंधित मामलों पर गंभीर रुख अपनाते हुए उप मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच कराते तथा निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा, उत्पीड़न एवं दबंगई करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने जन समस्याओं के समाधान के संबंध में आजमगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, चंदौली, भदोही, फतेहपुर एवं सम्भल के जिलाधिकारियों, बहराइच, रामपुर एवं कन्नौज के पुलिस अधीक्षकों, नगर आयुक्त लखनऊ, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा डीआरएम प्रयागराज सहित अन्य अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बरेली के ओमपाल सत्यपाल, प्रयागराज के सतीश, मऊ के जगन्नाथ त्रिपाठी, रामपुर के हरकिशन, बरेली के आसाराम, सोनभद्र की सुप्रिया, इटावा के रमेश चन्द्र, रामपुर के अशोक कुमार, आजमगढ़ के प्रमोद कुमार, कानपुर की रूचि गुलाटी, जौनपुर के राकेश चन्द्र, सुल्तानपुर के अनिल कुमार सहित प्रदेश के लगभग तीन दर्जन जनपदों से आए सैकड़ों नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं प्रकरण उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।

श्री मौर्य ने कहा कि ₹जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान कर उसे न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता है। जन समस्याओं का निस्तारण भी होगा और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा।

## माफिया के कब्जे वाली भूमि पर बना स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूटः सीएम

- उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से निकलकर देश की टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल
- ब्रह्मोस मिसाइल से 135 करोड़ जीएसटी का होगा लाभ

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 9 साल पहले उत्तर प्रदेश की हालत यह थी कि राजधानी में पुलिस की जमीन पर कुख्यात माफिया ने कब्जा कर रखा था। तत्कालीन सरकार के सरंक्षण में वह माफिया इतना शक्तिशाली हो वहुका था कि पुलिस की हिम्मत नहीं थी कि वह अपनी जमीन खाली करा सके। लेकिन, डबल इंजन सरकार का बुलडोजर देखते ही माफिया ने जमीन सरेंडर कर दी। आज उसी जमीन पर स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट की भव्य इमारत खड़ी है।

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग 'त्रिवेणी' उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर राष्ट्रीय स्तर के विमर्श का मंच बना। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके समापन सत्र को संबोधित करते हुए कंटेंट क्रिएटर्स से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया की भूमिका, कानून व्यवस्था, फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस कॉरिडोर, पर्यटन, मेडिकल शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में स्थापित स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट केवल एफएसएल और साइबर सिक्योरिटी का केंद्र नहीं है, यह आधुनिक तकनीकों से जुड़े सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री कोर्स का भी प्रमुख संस्थान बन चुका है। उन्होंने 9 वर्ष पुराना किस्सा सुनाते हुए कहा कि यह भूमि उत्तर प्रदेश पुलिस की थी, जिस पर लखनऊ के एक कुख्यात माफिया का कब्जा था। वर्ष 2017 में फॉरेंसिक सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता महसूस होने पर इस भूमि को मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। बुलडोजर कार्रवाई के बाद माफिया ने स्वयं भूमि सरकार को सौंप दी और आज उसी स्थान पर विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। नए आपराधिक कानूनों के तहत 7 वर्ष से अधिक की सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक एविडेंस अनिवार्य है और उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में मोबाइल फॉरेंसिक वैन की व्यवस्था भी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने करीब 200 एकड़ लैंड मुफ्त उपलब्ध कराई। ब्रह्मोस की ताकत देखिए, जिस दिन पहली ब्रह्मोस मिसाइल निकली, उसके तीसरे दिन पाकिस्तान पर बरस पड़ी थी। जमीन की कीमत क्या है, राष्ट्र की सुरक्षा से बढ़कर क्या हो सकता है? यह भूमि मुफ्त में जरूर दी गई है, लेकिन जब प्रतिवर्ष लगभग 150 ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण होगा तो उत्तर प्रदेश को लगभग 135 करोड़ रुपये जीएसटी के रूप में प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से निकलकर देश की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है।

## पश्चिमी यूपी को मिला वैश्विक कनेक्टिविटी का नया द्वार

### योगी सरकार प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पितः केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानों का संचालन शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश ने विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। इंडिगो ने यहां से हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया। लखनऊ से आई उद्घाटन उड़ान के स्वागत के बाद बेंगलुरु के लिए पहली प्रस्थान उड़ान रवाना हुई। यह केवल एक नए हवाई अड्डे की शुरूआत नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिली है। जेवर स्थित यह विश्वस्तरीय हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के लाखों यात्रियों को सुविधाजनक हवाई संपर्क उपलब्ध कराएगा। इससे पर्यटन, निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण को प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ (12 मिलियन) यात्रियों की सेवा के लिए विकसित किया गया है।

भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाकर सालाना 7 करोड़ (70 मिलियन) से अधिक यात्रियों तक पहुंचाने की योजना है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यहां डिजिटल यात्रा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता कम होगी। सेल्फ चेक-इन, सेल्फ बैग ड्रॉप, आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था तथा सहज मार्गदर्शक प्रणालियां यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाएंगी।

हवाई अड्डे के टर्मिनल का डिजाइन आधुनिक तकनीक और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को दशार्ती कलाकृतियां, वाराणसी के घाटों से प्रेरित स्थापत्य शैली, जालीदार डिजाइन तथा प्राकृतिक प्रकाश का व्यापक उपयोग यात्रियों को एक विशिष्ट अनुभव प्रदान करेगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट टैक्सी, ऐप आधारित कैब सेवाएं और दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के विभिन्न शहरों को जोड़ने वाली बस सेवाओं की व्यवस्था की गई है। आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन से यह हवाई अड्डा वैश्विक संपर्क का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। हवाई अड्डे पर एयर इंडिया सैट्स द्वारा विकसित आधुनिक कार्गो सुविधाएं प्रारंभिक चरण में प्रतिवर्ष दो लाख मीट्रिक टन माल ढुलाई की क्षमता रखती हैं, जिसे भविष्य में 15 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाने की योजना है। इससे ई-कॉमर्स, कृषि उत्पादों के निर्यात और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को नई मजबूती मिलेगी।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन शुरू होना भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह हवाई अड्डा हवाई संपर्क को नई मजबूती प्रदान करेगा और व्यापार, पर्यटन, निवेश तथा रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए यहां अत्याधुनिक डिजिटल सेवाएं और विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की गई हैं।



## बाबाजी का राज है, कोई कैसे पैसे छीन लेगा

- पहली उड़ान से लखनऊ पहुंचे किसानों ने सीएम योगी से साझा किए अपने अनुभव
- जमीन देने वाले किसानों ने कहा- विकास की डोर सीधे 'आदित्य' के हाथ में
- हज से लौटे बुजुर्ग किसान ने मुख्यमंत्री को दिया आशीर्वाद

**लखनऊ।** जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संवाद में विकास, कानून-व्यवस्था पर खुलकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की डोर सीधे ह्यआदित्यह्न के हाथ में है। यह बाबाजी का राज है, जेवर में आज किसी की हिम्मत नहीं कि किसान या आमजन से पैसे छीन ले। हज से लौटे एक बुजुंग किसान ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सबसे बड़ा एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और बड़े प्रोजेक्ट जेवर की नई पहचान बने हैं।

पहली बार हवाई जहाज में बैठकर लखनऊ पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री से कहा कि जिस जमीन पर कभी वे खेती करते थे, आज उसी जमीन से उड़ान भरते विमान उत्तर प्रदेश के बदलते भविष्य की कहानी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, मोदी जी ने भारत और योगी जी ने उत्तर प्रदेश बदल दिया। किसान हंसराज ने कहा कि जैसे ही वह सुबह एयरपोर्ट पहुंचे, उनके साथ आए अधिसंख्य किसानों के लिए यह अनुभव विशेष था। उनके साथ आए 99 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिन्होंने आज तक हवाई जहाज को केवल आसमान में उड़ते हुए देखा था, लेकिन मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से उन्हें उसमें बैठकर यात्रा करने का अवसर मिला। हंसराज ने वर्ष 2017 से पहले की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक वृद्ध महिला पेंशन निकाल कर गांव लौट रही थी। मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश आए और उसके पैसे छीनकर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2019 की एक घटना सुनाई। बताया कि भूमि मुआवजे का वितरण हो रहा था। उनके गांव में स्थित बैंक से एक मुस्लिम भाई ने 25 लाख रुपये निकाले और उन्हें तौलिया में बांधकर सिर पर रख लिया। दोपहर करीब 12 बजे वह इसी तरह पैसा लेकर जा रहे थे। हंसराज ने उनसे पूछा कि इतने पैसे इस तरह सिर पर रखकर ले जा रहे हो, कोई छीन लेगा। इस पर उन्होंने जवाब दिया, कैसे कोई छीन लेगा, यह बाबाजी का राज है। हंसराज ने कहा कि इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्ष 2017 से पहले क्या स्थिति थी और अब क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सीएम योगी फिर से मुख्यमंत्री बनें। बुर्जुग किसान जफरू खां ने कहा कि प्रदेश के मुसलमान भी कह रहे हैं कि बाबा का शासन बहुत शानदार है। आज मैं चप्पल पहनकर हवाई जहाज में बैठा। यह मेरे लिए एक विशेष अनुभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों को काफी तरक्की देखने को मिली है। मैं हज से लौटकर मुख्यमंत्री जी को आशीर्वाद देने आया हूं।

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए बहुत मेहनत की :** मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान किसान जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा था कि मैं उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दूंगा, जिसे आज हम सच होता देख रहे हैं। एएमयू से एमबीबीएस करने वाली जेवर के किसान की बेटी डॉ. हिरा राशिद ने कहा कि अगर योगी जी का राज नहीं होता तो मेरा एमबीबीएस डॉक्टर बनने का सपना कभी पूरा नहीं हो पाता। मुझे यह कहते हुए बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि जिस भूमि पर मेरे पिता अन्न उगाते थे, आज उसी भूमि से उड़ान भरकर मैं मुख्यमंत्री से मिलने आई हूं।

**मुख्यमंत्री को भेंट किया राधा-कृष्ण की प्रतिमा :** किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर कमलेश देवी, पूनम देवी, कनिष्क, बबली देवी और मधु देवी ने मुख्यमंत्री को राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट की। मनवीर सिंह खटीक, बलभद्र, वेद प्रकाश शर्मा, पूरन सिंह कोरी, हजारी बघेल, खंडेश्वर तथा महिपाल सिंह जाटव ने मुख्यमंत्री को किसान की उड़ान नामक स्मृति चिह्न भेंट किया।

## योगी जी ने हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठा दिया



किसान हाजी जफर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा काम किया है कि हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज में बैठा दिया। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान घर-घर जाकर किसानों की सहमति ली गई थी और किसानों ने खुशी-खुशी अपनी जमीन दी। हाजी जफर ने कहा कि उन्हें इस विकास कार्य पर गर्व है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है और इससे आम लोगों का जीवन बदल रहा है। उन्होंने कहा कि योगी जी मुस्लिम समाज में काफी लोकप्रिय हैं क्योंकि उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ भेदभाव के बिना सभी लोगों तक पहुंचाया है। सभी को सुरक्षा दी है। इसी तरह किसान इकबाल कल्लू ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एयरपोर्ट के लिए उनकी जमीन गई थी और आज उसी एयरपोर्ट से उड़ान भरकर राजधानी पहुंचना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को केवल मुआवजा ही नहीं दिया बल्कि उन्हें विकास यात्रा का सहभागी भी बनाया है। महिला किसानों में भी उत्साह देखने को मिला। किसान सुमन ने बताया कि उन्होंने जीवन में पहली बार हवाई जहाज में सफर किया है। यह उनका वर्षों पुराना सपना था, जो अब जाकर पूरा हुआ है। मीनू ने भी अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि एयरपोर्ट बनने के बाद पहली बार उन्होंने अपनी जमीन को आसमान से देखा है।

## एकेटीयू के छात्र इंफोसिस मेकर्स लैब में करेंगे विशेष इंटर्नशिप

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अपने छात्रों को नई उभरती तकनीकी में दक्ष बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। छात्रों को न केवल विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिल रहा है बल्कि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के मार्गदर्शन में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में स्थापित इंफोसिस मेकर्स लैब में संबद्ध संस्थानों के बीटेक के छात्रों को इंटर्नशिप करने का शानदार अवसर है। यूपी की पहली मेकर्स लैब में अत्याधुनिक कम्प्यूटर्स पर छात्र काम करेंगे। इसके अलावा लैब ऑन व्हील्स पर भी कार्य करने का मौका मिलेगा। छात्रों के लिए यह विशेष इंटर्नशिप चार सप्ताह का होगा ।यह इंटर्नशिप 22 जून से 18 जुलाई तक चलेगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए छात्र 17 जून तक पंजीकरण करा सकते हैं। सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक के निर्देशन एवं एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में इंटर्नशिप चलेगा।

## कटिहार-अमृतसर-कटिहार ट्रेन का करनैलगंज स्टेशन पर ठहराव आज से

**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा 16 जून को ट्रेन नं. 15707/08 कटिहार-अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस के करनैलगंज स्टेशन पर एवं ट्रेन नं. 14673/74 जयनगर-अमृतसर-जयनगर के जरवल रोड स्टेशन पर ठहराव प्रदान किए जाने के अवसर पर करनैलगंज स्टेशन पर संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि आयोजित कार्यक्रम में सांसद (लोक सभा), कैसरगंज करण भूषण सिंह द्वारा गाड़ी सं. 15707 (कटिहार-अमृतसर) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

## कांग्रेस को 50 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलनी चाहिए : सुनील सिंह

**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन में लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी प्रभावशाली भूमिका दर्ज कराने वाले लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह (पूर्व एमएलसी) ने नई दिल्ली के संविधान क्लब में आयोजित इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, किसानों के सवालों, युवाओं की बेरोजगारी और विपक्षी एकता को लेकर अपनी बात मजबूती से रखी। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं होगा, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, किसानों और युवाओं के भविष्य को बचाने का चुनाव होगा। ऐसे में इंडिया गठबंधन के घटक सपा को व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर व्यापक विपक्षी एकता का परिचय देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनौती देने के लिए सपा को बड़ा दिल दिखाना होगा। कांग्रेस सहित गठबंधन के सभी सहयोगी दलों को उनकी राजनीतिक ताकत, जनाधार और योगदान के अनुरूप सम्मानजनक सीट हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। गठबंधन तभी मजबूत होगा अपने हितों से ऊपर उठकर दलों को अपने सहयोगियों का सम्मान करेंगे और साझा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान अपनी फसलों पर कानूनी एमएसपी की गारंटी मांग रहा है।

## भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा : अखिलेश यादव

- सपा अध्यक्ष ने विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र के लिए खतरा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने पर उतारू है। पार्टी की पूरी जिम्मेदारी लोकतंत्र बचाने की है अन्यथा 2027 का उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव अंतिम चुनाव होगा।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को विभिन्न जिलों से आए नेताओं, कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता एकजुट होकर पूरी ताकत से लोकतंत्र को बचाने के लिए जुटें। वोटर लिस्ट और बूथ पर पूरा ध्यान लगाएं। सभी कार्यकर्ताओं की भाषा और व्यवहार शिष्ट हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर जाना तय है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को बूथ-बूथ पर सतर्कता बरतनी है। जनता को भाजपा की नाकामियों की जानकारी देना है। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा हर स्तर पर घोटाला कर रही है। भ्रष्टाचार से प्रदेश की जनता त्रस्त है। जमीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भूमाफियाओं को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि पीडीए बड़ी ताकत है। पीडीए सपा के साथ है, इसीलिए भाजपा घबराई हुई है। भाजपा पीडीए के खिलाफ साजिश कर रही है। समाजवादी पार्टी प्रेम, दया, अपनापन पीडीए का एजेण्डा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है। किसानों को खाद-बीज का संकट है। बिजली नहीं मिल रही है। डीजल की कीमते बढ़ने से खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है। भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है।

इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सांसद धर्मेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद आदित्य यादव आदि मौजूद रहे।

## धर्म और सेवा का संकल्प अनवरत जारी रहेगा : अजय राय

अमन लेखनी समाचार

**वाराणसी/लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में सनातन परंपरा के अनुसार पावन पंचकोशी का संकल्प लेकर यात्रा की। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मैदागीन स्थित बड़ा गणेश जी का आशीर्वाद लिया, फिर काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के चरणों में हाजिरी लगाकर हर भय-बाधा से मुक्ति की प्रार्थना की। इसके बाद मणिकर्णिका घाट पर मणिकर्णिकेश्वर महादेव और उनके पास ही विराजमान शक्ति स्वरूपा माता मणिकर्णिका का दर्शन-पूजन किया।

साथ ही, भगवान विष्णु के चक्र द्वारा निर्मित पावन चक्रपुष्करिणी कुंड (मणिकर्णिका कुंड) का भी पूजन कर परिक्रमा यात्रा को शुरू किया। उन्होंने महादेव, माता मणिकर्णिका और बाबा काल भैरव से प्रार्थना की कि सभी की यात्रा मंगलमय करें, देश-प्रदेश की रक्षा करें। मणिकर्णिका घाट से शुरू हुआ आस्था का कारवां अपने प्रथम पड़ाव कंदवा पहुंचा। काशी के सबसे प्राचीन और स्थापत्य कला के बेजोड़ प्रतीक श्री कर्दमेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अजय राय ने कहा कि यहां के कण-कण में रची-बसी भक्ति मन को अद्भुत ऊर्जा से भर देती है। इसके बाद यात्रा का द्वितीय पड़ाव, मां भीमचण्डी राजातालाब पर हुआ, जहां मां भीमचण्डी का दर्शन पूजन किया।



पंचकोशी परिक्रमा के मध्य में, वरुणा नदी के पावन तट पर स्थित तृतीय पड़ाव 'रामेश्वर महादेव' पहुंचने का सौभाग्य मिला। त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम द्वारा स्थापित इस अलौकिक शिवलिंग का दर्शन कर मन तृप्त हो गया। धर्म और सेवा का यह संकल्प अनवरत जारी रहेगा। भक्ति और जनसंवाद का यह सफर आगे बढ़ते हुए अपने चतुर्थ पड़ाव 'शिवपुर' पहुंचा। कपिलेश्वर महादेव और पांचो पंडवा के दर्शन-पूजन किए।

अजय राय ने कहा कि यात्रा के दौरान क्षेत्र के देवतुल्य बुजुर्गों, नौजवान साथियों और संतों से मिलकर मिल रहा भरपूर आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है। महादेव की असीम अनुकंपा से आज पंचकोशी परिक्रमा का विराम अपने अंतिम पड़ाव 'कपिलधारा' पर हुआ। कपिल महामुनी द्वारा स्थापित कपिलेश्वर महादेव के चरणों में वंदन कर इस कठिन लेकिन आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा को पूर्ण किया। काशी की इस पावन माटी और यहां की जनता की सेवा ही मेरा परम धर्म है।

## संक्षेप

### भाई से झगड़ा के बाद बहन ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में भाई से झगड़े के बाद एक 15 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे कुरसठ ग्रामीण के मजरा भंतरा में हुई। टीपू की 15 वर्षीय पुत्री पाली का अपने भाई करन से खाने को लेकर विवाद हो गया। करन ने खाना मांगा, और खाना न बनने की बात पर उसने पाली से झगड़ा कर दिया। इस बात से नाराज होकर पाली ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। वहां के डॉक्टर दिनेश कुमार ने पाली की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने पाली को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका पाली अपने चार भाइयों और तीन बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसके भाइयों में करन, अर्जुन, कन्हैया और एक 15 दिन का सबसे छोटा भाई शामिल हैं। उसकी बहनें दीपाली और गुलशन हैं।

### खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार युवक हुई मौत

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना जाजमऊ चौकी अंतर्गत कल्लूपुरवा के पास हुई। कानपुर से लखनऊ की ओर जा रहे हाईवे पर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही जाजमऊ चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।पुलिस ने बाइक की तलाशी ली, जिसमें पीछे सब्जी बेचने की टोकरी रखी मिली। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि मृतक खेती-किसानी के साथ सब्जी बेचने का काम भी करता था। बाइक के रजिस्ट्रेशन दस्तावेज (आरसी) में 'बलई' नाम दर्ज मिला है। पुलिस फिलहाल मृतक की पहचान और हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद से फरार ट्रक चालक और वाहन के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही हैपुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने हाईवे पर खड़े वाहनों के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाने की बात भी कही है।

# तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा किसानों के उत्पीड़न को लेकर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉक्टर बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

यूनियन के प्रदेश महासचिव बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू ने एसडीएम रणवीर सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि भू माफियाओ द्वारा भूमिधरी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही है। गांव में मिनी सचिवालय चालू किए जाए जिससे किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल आसानी से प्राप्त हो सके। गांव में बने आर आर सी कूड़ाघरों का संचालन कराया जाए। सूखे पड़े अमृत सरोवरों में तत्काल पानी भरवाया जाए जिससे जीव जंतु पशु पक्षियों को राहत मिल सके।डलमऊ बी पंप नहर तथा शारदा नहर में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। शारदा नहर में टेल तक पानी बरसों से नहीं पहुंचा है टेल तक पानी पहुंचाया जाय।मलौना हो रही चकबंदी पारदर्शी तरीके से हो चकबंदी में किसानों के हो रहे शोषण उत्पीड़न को रोका जाय। हाईवे में घूमने वाले छुट्टा गोवंश को तत्काल गोशालाओं में बंद किया जाय तथा गोवंश को टैग लगाया जाए।मां चंडिका देवी परिसर में शौचालय, कपड़ा बदलने वाले कमरे, वाटर कूलर तथा घाटों पर स्वच्छता का प्रबंध किया जाए। एसडीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में कार्तिकेय दीक्षित, अभिषेक पांडे, अंबुज सिंह, गोपाल महराज, गुड़िया यादव, राज बक्स सिंह मौजूद रहे।

बीघापुर। भारतीय किसान यूनियन क्रांति दल के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में आधा सैकड़ा किसानों के तहसील मुख्यालय पहुंचने की भनक मिलते ही एसडीएम रणवीर सिंह ने तहसील मुख्यालय के दोनों गेट बंद करा दिए।लगभग डेढ़ घंटे तक किसान यूनियन के पदाधिकारी गेट पर खड़े होकर नारेबाजी व प्रदर्शन करते रहे। लगभग डेढ़ घंटे बाद एसडीएम ने गेट खुलवाया और किसानों से वार्ता की।

## एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सदर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी ने की। बैठक में ताजियेदारों, धर्मगुरुओं और संभ्रांत लोगों से त्योहार की तैयारियों व व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

प्रशासनिक अधिकारियों ने शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए सभी से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि मुहर्रम पर्व परंपरागत और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने जानकारी दी कि बैठक में ताजियेदारों की समस्याओं और सुझावों को सुना गया। उन्होंने बताया कि सामने आई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य मुहर्रम पर्व को बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। इसके लिए सभी ताजियेदारों और आयोजन से जुड़े लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में ताजियों की ऊंचाई पर भी चर्चा हुई। एसडीएम ने ताजियेदारों को निर्देश दिए कि ताजियों की ऊंचाई इतनी रखी जाए कि रास्ते में कोई समस्या न हो। बिजली के तारों या अन्य अवरोधों से टकराने से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है।उन्होंने जोर दिया कि निर्धारित मार्गों से ताजियों के आसानी से निकलने के लिए उनकी ऊंचाई नियंत्रित रखना आवश्यक है। इससे किसी भी दुर्घटना की संभावना को रोका जा सकेगा।

पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि जुलूस मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की गई। इस दौरान सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्र समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी का प्रकोप अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। गर्मी और उमस के कारण जिले में बीमारियों में वृद्धि हुई है।ओपीडी खुलते ही बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, जिससे इमरजेंसी वार्ड में भी दबाव बढ़ गया। सोमवार को जिला अस्पताल में 1,000 से अधिक मरीजों ने उपचार के लिए पंजीकरण कराया।इनमें जुकाम, बुखार, डायरिया, पेट दर्द और गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीज सर्वाधिक थे। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण ओपीडी कक्षों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। मरीजों की भीड़ को देखते हुए चिकित्सकों ने अतिरिक्त समय देकर उपचार किया। डॉ. कौशलेंद्र, डॉ. अमित और डॉ. शोभित ने ओपीडी में मरीजों की जांच कर दवाएं दीं। चिकित्सकों ने मरीजों को गर्मी से बचाव के आवश्यक उपाय भी सुझाए। जिला अस्पताल में एक्स-रे और रक्त जांच कराने वाले मरीजों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई। जांच केंद्रों के बाहर भी मरीजों और उनके तीमारदारों की लंबी कतारें लगी रहीं।चिकित्सकों के अनुसार, लगातार बढ़ते तापमान में लापरवाही बरतने से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को गर्मी में अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है।सोमवार को उन्नाव में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वे तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ताजा भोजन करें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लेने को कहा गया है।

## कंपनी कर्मचारियों का प्रदर्शन वेतन कटौती का आरोप प्रबंधन ने आरोपो को नकारा

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में स्थित एक इंटरनेट मार्केटिंग वेयरहाउस कंपनी के सैकड़ो कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन ने उनके मूल वेतन नाइट शिफ्ट और ओवर टाइम भत्तों में कटौती की है आक्रोशित कर्मचारियों ने कंपनी के मुख्य गेट पर इकट्ठा होकर नारे बाजी कि उन्होंने लखनऊ कानपुर हाईवे को जाम करने का भी प्रयास किया जिससे यातायात बाधित होने की आशंका बढ़ गई सूचना मिलते ही सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को सभाला पुलिस ने कर्मचारियों को हाईवे पर जाम लगने से रोका जिससे यातायात सुचारू रहा सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविंद पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझा बूझकर शांत करायाप्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना था कि कंपनी प्रबंधन में बिना किसी पूर्व सूचना के वेतन और सुविधाओं में कटौती की है उनका आरोप था कि इस कटौती से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा इसके विरोध में उन्होंने काम बंद कर प्रदर्शन कियावही कंपनी के एच आर अधिकारियों प्रतीक और संदीप सिंह ने कर्मचारियों के आरोपो को सिरे से खारिज कर दिया उन्होंने बताया कि किसी भी कर्मचारी के मूल वेतन या अन्य भत्तों में कोई कटौती नहीं की गई है एच आर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी केवल गलतफहमी और अधूरी जानकारी के कारण प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से लागू सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप ही वेतन दिया जा रहा है जिससे कर्मियों का वेतन बढ़ा है ना की घटा है कंपनी के एच आर अधिकारियों ने प्रदर्शन कार्यों से कहा कि वह उनके इस बयान को रिकॉर्ड कर सकते हैं और कंपनी अपनी बात पर कायम है इसके बावजूद प्रदर्शन कर रहे हैं कर्मी प्रबंधन से इस बात का लिखित आश्वासन देने की मांग पर अंडे रहे।

## कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। केन्द्र सरकार द्वारा अण्डमान निकोबार द्वीप समूह के ग्रेटर निकोबार को कारपोरेट समूह को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के अवाहन पर भगवंतनगर विधानसभा सभा के क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने तहसील मुख्यालय पर हस्ताक्षर अभियान चला कर भाजपा की केन्द्र सरकार का विरोध किया। सोमवार को तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन मे कांग्रेस के नेता अमरेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे ग्रेट निकोबार को बचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि निकोबार को बचाना है, कारपोरेट को रोकना है। आने वाली पीढ़ी के भविष्य और प्रकृति को बचाने के लिए कांग्रेस बड़ा कदम है।कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व मे भाजपा के इस विनाशकारी कदम का पुरजोर विरोध करती है।देश की धरोहर को बचाने के लिए हम सबको आगे आना चाहिए।



इस अवसर पर राहुल, जयदीप सिंह, संजय शर्मा, राजू सिंह, प्रदीप चंदेल, कमलेन्द्र बहादुर सिंह, अशोक पटेल आदि उपस्थित रहे।

## मार्ग पर दोनों ओर दुकानदारों ने कर रखा अतिक्रमण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज से हड़हा जाने वाला वाला मार्ग भीषण अतिक्रमण का शिकार है।सड़क के दोनो ओर छय छय फिट दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है।जिससे कन्या विद्यालय, गैस एजेंसी, गंगा तट तक जाने वालों के अलावा दर्जनों गांवों के नागरिकों को आवागमन में भीषण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों ने थाना पुलिस, राजस्व, नगर पंचायत से लेकर उच्चाधिकारियों तक से दर्जनों बार गुहार लगाई लेकिन वर्षों का समय बीत जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है।पूरे दिन लगने वाले जाम से परेशान लोग अब सोशल मीडिया पर अतिक्रमण हटाओ या रोड पर दीवाल चुनवा दो लिखकर अपना गुस्सा निकाल रहे है।

अचलगंज चौराहा से हड़हा होकर बलाई गंगा तट तक जाने वाला 10 किमी डामरीकृत मार्ग वर्षों से अतिक्रमण का शिकार है।चौराहे से हड़हा की ओर मुड़ते ही सड़क के दोनो किनारों को दुकानदारों ने 6,6 फिट तक कब्जा कर लिया है। मालूम हो कि क्षेत्र का एक मात्र राजकीय कन्या इंटर कालेज, भारत गैस एजेंसी इसी मार्ग पर होने के साथ पूरा इलाका गंगा स्नान एव शवो का अंतिम संस्कार करने के लिए इसी मार्ग से बलाई गंगा तट तक जाते है।इसके अलावा पंचम पुरवा, खुटहा, रिठनई, बसेना, घासिल पुरवा, छड़ऊवा खेड़ा, मालमऊ, तिघरा, वैरागर समेत आधा सैकड़ा गंगा कटरी के गांव के नागरिक इसी मार्ग से आवागमन करते है।अजय निगम, रंजीत अवस्थी बताते है कि थाने आने वाले सभी नवागंतुक थानेदारों से लेकर सीओ, नगर पंचायत की ईओ चेयर मैंन, राजस्व विभाग से लेकर उच्चाधिकारियों तक से दर्जनों बार गुहार लगाए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हट पाया है।सभी अधिकारी एक दूसरे की जिम्मेदारी बता अपना दामन छुड़ा रहे है।

## भुगतान मिलने पर आशा बहुओं ने खत्म की हड़ताल

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। मानदेय भुगतान मिलने के बाद आशा बहु कल्याण समिति के तत्वावधान में चल रही आशा एवं आशा संगिनियों की कलमबंद हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। आशा कार्यकताओं ने सीएचसी नवाबगंज पहुंचकर अधीक्षक डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए हड़ताल वापस लेने की जानकारी दी। ज्ञापन में बताया गया कि मानदेय का भुगतान न होने के कारण आशा और आशा संगिनियां 15 मई से कलमबंद हड़ताल पर थीं। भुगतान प्राप्त होने के बाद सभी ने सामूहिक रूप से हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है। आशा कार्यकताओं ने कहा कि अब वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लौटकर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और सेवाओं का संचालन पहले की तरह सुचारू रूप से करेंगी। आशा बहुओं ने अधीक्षक को दिए पत्र में हड़ताल समाप्त करने की सूचना देते हुए विभागीय कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उमा देवी, कमलेश कुमारी, कुमुदनी, चम्पा, प्रतिभा सहित कई आशा बहुएं और आशा संगिनियां मौजूद रहीं।



## पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में एक लाख का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढ़ेर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पुलिस व एसओजी टीम उन्नाव द्वारा बांगरमऊ थाना क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे हवाई पट्टी सर्विस रोड पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि थाना बांगरमऊ पर पंजीकृत मु0अ0स0 168/2026 धारा 103(1),3(5) BNS व धारा 7 CLA ACT में वांछित अपराधी इसराइल उर्फ इजराइल पुत्र शकुर निवासी मो0 पूर्विया टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव जिसके द्वारा दिनांक 09.06.2026 को बाबा मिलनदास की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी तथा जिसपर एक लाख का इनाम घोषित है वह अपने किसी साथी के इंतजार में ग्राम ताजपुर अंडरपास के पास खड़ा है यदि शीघ्रता की जाये तो उसे पकड़ा जा सकता है। सूचना पर एसओजी व थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर इसराइल उर्फ इजराइल की घेराबन्दी करते हुये उसे आत्मसमर्पण हेतु कहा गया परन्तु उसके द्वारा आत्मसमर्पण ना करते हुये पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया जिसमें एक गोली उप निरीक्षक न्यूटन कुमार सिंह के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी तथा एक गोली एसओजी के आरक्षी विकास भदोरिया के हाथ में लगी जिससे उसे फायर आर्म इंजरी हो गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही में इसराइल उपरोक्त को गोली लगी है जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा तत्काल सीएचसी बांगरमऊ भेजा गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। मौके से पुलिस को एक चाकू जिससे कत्ल किया गया था और एक तमंचा 315 बोर व दो खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। पुलिस द्वारा मृतक बदमाश के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जनपद के खुले परिषदीय विद्यालय

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उन्नाव जनपद में सोलह जून से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की चहल-पहल लौटेगी। स्कूलों की घंटियां फिर बजेगी, कक्षाओं में पढ़ाई शुरू होगीसत्र को सफल बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने भी तैयारियां कर रखी है स्कूलों में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है छात्राओं और दिव्यांग बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है. प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया शिक्षकों का नामांकन बढ़ाने, छात्र छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर रहेगो विभागीय अधिकारियों के अनुसार विद्यालय खुलते ही कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत सभी पात्र शिक्षकों और कर्मचारियों का पंजीकरण अभियान मोड में पूरा कराया जाएगा। अंतरजनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी तथा चयन वेतनमान, सेवानिवृत्ति संबंधी और मृतक आश्रित से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

### अनियंत्रित कार पलटी बच्चे समेत पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक परिवार की कार चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर पर चढ़कर विपरीत दिशा में जाकर पलट गई इस हादसे में सवार बच्चों सहित कुल पांच लोगों चोटिल हुए गनीमत रही बड़ा हादसा टल गया। चालक कृष्ण मोहन पुत्र राजकुमार निवासी गांव जैतीपुर थाना बड़दा जनपद आजमगढ़ अपने पिता राजकुमार, माता इंदु सिंह व पत्नी प्रिया सिंह तथा दो अबोध बच्चों के साथ कार द्वारा नोएडा से आजमगढ़ जा रहे थे तभी सोमवार की अलसुबह बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव सबलीखेड़ा के निकट चालक को झपकी लगने से कार अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से चढ़कर विपरीत दिशा में जाकर पलट गई इस हादसे के बाद सभी सवार सकुशल कार से बाहर निकल जिन्हे मामूली रूप से चोट लगी गनीमत रही एक बड़ा हादसा होने से टल गया घटना के बाद यूपीडा टीम ने कार का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर खड़ी कराया तथा घायलों का मौके पर उपचारित किया।

## चिड़िया पकड़ने से मना किया तो दिव्यांग युवक को पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में चिड़िया पकड़ने से मना करने पर एक दिव्यांग युवक को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना सबलगढ़ी गांव में हुई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सबलगढ़ी गांव निवासी कमलेश (40) पुत्र नीलकंठ एक हाथ से दिव्यांग हैं। सोमवार को उन्होंने आसीवन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने खेत में धान की बेढ़ में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान आसीवन तरफ पश्चिम निवासी शहनूर पुत्र निजाम और सालिम पुत्र वसीम उनके खेत में चिड़िया पकड़ने के लिए जाल लगा रहे थे।कमलेश ने जब उन्हें चिड़िया पकड़ने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने लाठी-डंडों से कमलेश को बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने घायल कमलेश को मियागंज सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. दिनेश कुमार ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो डंपरों में जोरदार भिंडत, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोमवार को दो डंपरों की भिड़ंत के बाद जाम लग गया। हादसे में एक डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी नवाबगंज भेजा गया। करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहने से छोटे-बड़े वाहनों के साथ एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही।

जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर जिओ पेट्रोल पंप के पास आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रहा डंपर उससे टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे वाले डंपर के चालक अंकुर सिंह (35) पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी अमौली, थाना सजेती, कानपुर नगर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद आगे वाला डंपर चालक वाहन लेकर मौके से चला गया। हादसे के चलते हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त डंपर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम समाप्त हो सका।उपनिरीक्षक जगसेन सोनकर ने बताया कि घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है तथा क्षतिग्रस्त वाहन हटवाकर यातायात सामान्य करा दिया गया है।

## सम्पादकीय

# गरीब की थाली तक खाड़ी युद्ध का दबाव

अमेरिका-ईरान के बीच जारी जंग का असर अब गरीब की थाली पर भी दिखने लगा है। हाल के महीनों में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की चिंता को और बढ़ा दिया है। मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत और खाद्य महंगाई 4.78 प्रतिशत तक पहुंच जाना इस बात का संकेत है कि रसोई का बजट लगातार दबाव में है। टमाटर, अदरक और अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल ने परिवारों की मासिक योजनाओं को प्रभावित किया है। वहीं, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति इस समस्या को लगातार गंभीर बनाती जा रही है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। जब भी इस क्षेत्र में युद्ध या राजनीतिक तनाव बढ़ता है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो जाती हैं। तेल महंगा होने का असर केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, भंडारण और उत्पादन लागत बढ़ने के कारण इसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष का दबाव अंततः गरीब की थाली तक पहुंच रहा है। महंगाई का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित है। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से अधिक होना इस बात का प्रमाण है कि किसान और ग्रामीण परिवार भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। खाद्य महंगाई के पीछे केवल अंतरराष्ट्रीय कारण ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी, बेमौसम बारिश और आपूर्ति शृंखला में आने वाली बाधाएं भी कीमतों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई फसलों के उत्पादन में कमी और समय पर बाजार तक आपूर्ति न हो पाने से मांग और उपलब्धता के बीच अंतर बढ़ रहा है। इसका सीधा परिणाम उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकाने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरत वाली सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की महंगाई आम उपभोक्ता के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी आगामी वित्त वर्ष के लिए महंगाई के अनुमान को बढ़ाया है। यह संकेत है कि आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। दूसरी ओर, रिजर्व बैंक को भी महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। केवल ब्याज दरों में बदलाव से खाद्य महंगाई पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है, क्योंकि इसके पीछे आपूर्ति संबंधी कारण अधिक प्रभावी हैं। इसलिए केंद्र और राज्यों को मिलकर कृषि, भंडारण और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर यह समझना होगा कि महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा सवाल है। खाड़ी क्षेत्र का युद्ध, वैश्विक तनाव, जलवायु परिवर्तन और घरेलू आपूर्ति संबंधी चुनौतियां मिलकर आम आदमी की थाली को प्रभावित कर रही हैं। यदि समय रहते प्रभावी नीतिगत कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सबसे बड़ा बोझ उन लोगों पर पड़ेगा, जो पहले से ही सीमित संसाधनों के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। इसलिए सरकार, रिजर्व बैंक और समाज के सभी हितधारकों को मिलकर ऐसा समाधान तलाशना होगा, जो आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ गरीब की थाली की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सके।

# पहाड़ों को भी सांस की जरूरत है




विचार
डॉ. संजय शुक्ला

पहाड़ मनुष्य के लिए हमेशा से आस्था और आकर्षण का केंद्र रहे हैं। विभिन्न धर्मों के तीर्थस्थल इन पहाड़ों पर हैं वहीं दूसरी ओर पहाड़ों के तराई की सुरम्यता सैलानियों को लुभाती है जिसके चलते हर साल इन इलाकों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन दिनों हिमाचल से लेकर उत्तराखंड की पहाड़ों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ अटी पड़ी है। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के चलते सरकारी व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उत्तराखंड सरकार के सूत्रों के मुताबिक कपाट खुलने के बाद अब तक चारधाम यात्रा के लिए 27 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जो राज्य बनने के बाद मई महीने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के अनुसार बीते साल 2025 में 6 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री और पर्यटक राज्य के पहाड़ों पर आए जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। अलबत्ता इस भारी भीड़ के चलते जोशीमठ से बद्रीनाथ और केदारनाथ मार्ग पर सोनप्रयाग में 20-25 किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम हो रहा है। इस जाम में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घंटों भूखे - प्यासे फंस रहे बावजूद लोगों में उत्साह है। केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के पैदल रास्तों में भारी संख्या में लोगों की भारी भीड़ है।

गर्मियों के दौरान पर्यटकों के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली, कुफरी, कसौली और डलहौजी जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों की बात करें तो यहां टूरिस्टों का सैलाब उमड़ पड़ा है फलस्वरूप सभी प्रमुख मार्गों पर कई किलोमीटर का ट्रैफिक जाम लग रहा है।पर्यटन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार इन दिनों प्रतिदिन लगभग 25-30 हजार पर्यटक हिमाचल के पहाड़ों पर पहुंच रहे हैं वीकेंड में यह आंकड़ा बढ़ जाता है। मीडिया से जुड़े खबरों के मुताबिक बीते एक महीने के दौरान अकेले शिमला क्षेत्र में 8 लाख और मनाली में 70 हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों की एंट्री हुई है। आलम यह है कि इन पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों पर गाड़ियां दौड़ नहीं बल्कि रेंग रही है। चिंतनीय है कि पहाड़ों पर बढ़ रहे मानवी भीड़, बसाहट और वाहनों के बोझ के चलते पहाड़ हांफने लगे हैं। पहाड़ों की सकरी और घुमावदार सड़कों पर हजारों वाहनों के लंबे जाम की वजह से इन इलाकों में चौबीसों घंटे ध्वनि और वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इन प्रदूषणों की वजह से जहां पर्यावरणीय खतरा बढ़ रहा है वहीं पहाड़ों के परिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

विचारणीय है कि पहाड़ों पर बढ़ती भीड़ केवल पर्यावरण को ही नुकसान नहीं पहुंचा रहा है बल्कि यह धार्मिक परंपराओं और संस्कृति पर भी विपरीत असर डाल रहा है। गौरतलब है कि पहले लोग चारधाम यात्रा में आध्यात्मिक भाव लेकर जाते थे लेकिन अब एक बड़ा तबका इन स्थानों में महज सैर-सपाटे के लिए जा रहे हैं। बीते कुछ सालों के दौरान इन इलाकों में सोशल मीडिया से जुड़े यूट्यूबर्स की आमद बढ़ी है जो इस मीडिया में फालोवर्स बढ़ाने के सनक के चलते केवल रील्स बनाने के लिए यहां पहुंच रहे हैं।इसके अलावा कुछ ऐसें समूह भी केदारनाथ सहित अन्य धामों में पहुंच रहे हैं जो ढोल - नगाड़ों और तेज स्पीकर की आवाज में नाचते हुए नजर आते हैं। जबकि अनेक पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी है कि उत्तराखंड के पहाड़ 'डेंजर जोन' में आता है और तेज आवाज के चलते इसके चट्टान खिसक सकते हैं बावजूद इस चेतावनी का असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। दूसरी ओर इस तीर्थक्षेत्र में पुलिस ने कुछ ऐसे लोगों के खिलाफ भी जुर्मानी कार्रवाई किया है जिन्होंने मादक पदार्थों का सेवन किया था। बहरहाल पहाड़ों पर हो रहे इन गतिविधियों से देवस्थानों के मंदिरों की मर्यादा भंग हो रही है। हालांकि मंदिर और स्थानीय प्रशासन इस प्रकार के गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए हर साल निर्देश जारी करती है लेकिन नतीजा शून्य है।



बहरहाल यह कहना गैर-मुनासिब नहीं होगा कि मानव सभ्यता का विकास प्रकृति के गोद में हुआ है लेकिन आधुनिक सभ्यता ने सबसे ज्याद असभ्यता और अनुदारता प्रकृति के साथ ही दिखाई है। पहाड़ पृथ्वी का सबसे बड़ा हिस्सा है जो परिस्थितिकी तंत्र को सहेजता है और नदियों का प्रमुख स्त्रोत भी है।पहाड़ हमारे लिए केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक धरोहर है। देश के इतिहास पर गौर करें तो मध्ययुगीन काल की अनेक वीर गाथाएं और परंपराएं पहाड़ों से ही जुड़ी है। पहाड़ सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील होते हैं। चिंतनीय है कि अंधाधुंध विकास की अंधी दौड़ के चलते पहाड़ों के सीने को छलनी किया जा रहा है। विकास के लिए बिजली चाहिए और इसके लिए अविरल नदियों को बांधकर पहाड़ों पर जलविद्युत परियोजनाएं बनाई जा रही है। जलविद्युत संयंत्रों और सड़क निर्माण के दौरान पहाड़ों को खोखला कर कई किलोमीटर लंबाई वाले सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं और निर्माण के लिए दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है। पहाड़ों को सहेजे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है।पेड़ों के कटने, विस्फोट और ड्रिल मशीनों के कंपन से पहाड़ों की मिट्टी और चट्टान कमजोर होकर धसकने लगे हैं जिसके चलते इन क्षेत्रों में आपदाएं लगातार बढ़ रही है।

देश में जारी शहरीकरण, औद्योगीकरण, सड़कों, बांधों के निर्माण और खनिज उत्खनन के लिए पहाड़ों को खोदा जा रहा है। विचारणीय है कि उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद वहां की सरकारों ने बिजली उत्पादन और पर्यटन उद्योग को अपने पहली प्राथमिकता में रखा जिसके चलते इस राज्य में पनबिजली परियोजनाओं और होटल-रिसॉर्ट निर्माण की बाढ़ आ गई है। केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए "ऑल वेदर रोड" का निर्माण भी शुरू कर दिया।पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आवागमन और आवास की सुविधा के लिए पहाड़ों और पेड़ों को काटकर सड़कें, पुल, होटल, रिसॉर्ट और कृत्रिम पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं जिससे पहाड़ों का परिस्थिकीय तंत्र भी बिगड़ रहा है।

विडंबना है कि हमारी व्यवस्था अब देश के इतिहास के साथ भूगोल को भी बदलने के लिए आमादा है जिसके घेरे में जंगल, पहाड़ और नदियां हैं। गौरतलब है कि विकास का सपना शुरू में लुभावना होता है लेकिन जब यह विनाश बनकर प्रकट होता है तो वह बड़ा ही प्रलयंकारी और भयावह होता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा कितना भयानक हो सकता है? इसका अंदाजा साल 2013 में केदारनाथ के जलतांडव से लेकर 2025 में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में रिकॉर्ड तोड़ बारिश, भूस्खलन, बादल फटने से हुई तबाही से लगाया जा सकता है।बीते एक दशक के दौरान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के पहाड़ी इलाकों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की वजह से हजारों लोगों की मौतें हुई है तथा सैकड़ों हताहत हुए हैं वहीं अरबों रुपए का नुकसान भी हुआ है।

विचारणीय यह भी है कि पहाड़ों पर हो रहे अत्याचार के लिए केवल सरकार और मशीनरी ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम जनता भी समान रूप से जवाबदेह है जो मानव सभ्यता का कचरा पहाड़ों और नदियों पर डाल रहे हैं। पर्वतीय इलाकों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं फलस्वरूप पर्यावरण और ईकोसिस्टम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ हीलिंग हिमालय के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप झील बनते हैं जो जलतांडव लाते हैं। लिहाजा हम कह सकते हैं कि पहाड़ों पर हो रहे आपदा कुदरती नहीं बल्कि इंसानी आपदा है और इसकी कीमत आने वाली पीढ़ी को भी चुकाना होगा।

बहरहाल भारत के अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। पहाड़ हमेशा से पर्यटकों को बुलाते रहे हैं लेकिन अब इसकी दुश्वारियां सामने है फलस्वरूप पहाड़ों का सब्र टूटने लगा है। देश में पहाड़ों के विकास, पर्यावरण संरक्षण, आस्था और कानून के चौराहे पर खड़े हैं। सरकार और पर्यावरणविदों के पहाड़ों पर अपने - अपने दावे और वादे हैं। बिलाशक पर्यावरण और इकोसिस्टम के लिए पहाड़ जरूरी है लेकिन आर्थिक विकास और रोजगार के लिए भी पहाड़ जरूरी है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि पहाड़ों के सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए ताकि पहाड़ों के अस्तित्व पर कोई संकट न आए।आखिरकार क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां जंगल न हो, पहाड़ न हो और नदियों का अविरल प्रवाह न हो ? बेशक इसके बिना इंसानी सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में है लिहाजा विकास के लिए प्रकृति को विमर्श में लाना ही होगा।

## श्रद्धांजलि
डॉ. घनश्याम बादल




# गोल्डन बॉय शूटर जसपाल राणा का यूं अचानक जाना

भारतीय खेल जगत के लिए 12 जून 2026 का दिन एक गहरे शोक में बदल गया, जब देश के महानतम निशानेबाजों में से एक, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शूटर और कोच जसपाल राणा के निधन का समाचार सामने आया। मात्र 49 वर्ष की आयु में उनका जाना न केवल भारतीय निशानेबाजी के लिए, बल्कि पूरे खेल जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जिस खिलाड़ी ने दशकों तक अपने अचूक निशाने से भारत का तिरंगा विश्व मंच पर लहराया और बाद में प्रशिक्षक के रूप में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिखाया, उसका इस प्रकार अचानक चले जाना विश्वास करना कठिन है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की धरती पर जन्मे जसपाल राणा ने उस समय भारतीय निशानेबाजी को पहचान दिलानी शुरू की, जब यह खेल देश में अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय था। कम उम्र में ही उनकी प्रतिभा ने खेल विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित कर लिया था। उनके पिता नारायण सिंह राणा स्वयं शूटिंग से जुड़े रहे और उन्होंने ही अपने पुत्र की प्रतिभा को तराशने का कार्य किया। देखते ही देखते, यह युवा खिलाड़ी भारतीय निशानेबाजी का पर्याय बन गया। जसपाल राणा की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी है कि उसे संक्षेप में समेटना कठिन है। वे भारत के सबसे सफल कॉमनवेल्थ गेम्स खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने 1994 से 2006 के बीच आयोजित चार राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 15 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि उन्हें भारतीय खेल इतिहास के सर्वाधिक सफल खिलाड़ियों की श्रेणी में स्थापित करती है। एशियाई खेलों में भी उनका



प्रदर्शन असाधारण रहा। 1994 एशियन गेम्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।इसके बाद 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। सेंटर फायर पिस्टल प्रतियोगिता में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की थी। एशियाई खेलों में उनके खाते में कुल आठ पदक दर्ज हैं, जो उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। देश ने भी उनकी उपलब्धियों का सम्मान किया। मात्र 18 वर्ष की आयु में उन्हें 1994 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल थे। इसके बाद 1997 में उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से अलंकृत किया गया। खेल जगत में उनकी सेवाओं और प्रशिक्षक के रूप में योगदान को देखते हुए वर्ष 2020 में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह एक दुर्लभ उपलब्धि है कि किसी खिलाड़ी को खिलाड़ी और प्रशिक्षक दोनों रूपों में देश के सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा जाए। हालांकि जसपाल राणा की महानता केवल उनके जीते गए पदकों तक सीमित नहीं थी। खेल जीवन के बाद उन्होंने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। वे उन प्रशिक्षकों में रहे जिन्होंने खिलाड़ियों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और विजेता मानसिकता का विकास किया। भारतीय निशानेबाजी की नई पीढ़ी, विशेषकर मनु भाकर जैसी खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर की ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया था कि जसपाल राणा केवल महान खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि असाधारण गुरु भी थे। उनका असमय निधन इसलिए भी अधिक पीड़ादायक है क्योंकि वे अभी भी भारतीय शूटिंग के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और नेतृत्व की देश को आगे भी आवश्यकता थी। उनके जाने से जो रिक्तता पैदा हुई है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। पदक जीतने वाले खिलाड़ी समय-समय पर आते रहेंगे, लेकिन खेल को दिशा देने वाले व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं।

## चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।


## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पाकिस्तान की बर्बरता पर ये मौन क्यों?

पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के नागरिक लंबे समय से सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं, किंतु पाकिस्तानी सरकार अपने कब्जे वाले कश्मीरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाय सेना के दमन चक्र से वहां के नागरिकों की हत्याएं करती आई है। पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा वर्षों से अधिकृत कश्मीरी लोगों को जबरन जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया जाता है, उनके घरों की महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता लूटी जाती है और विरोध के बदले मौत दी जाती है। अभी हाल ही में, इस बार भी कश्मीरियों की मांग नागवार गुजरी और सेना प्रमुख मुनीर के इशारे पर बर्बरतापूर्वक अंधाधुंध गोलाबारी की गई।

- ब्रिजेश अग्रवाल, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कांग्रेस और एनडीए



कांग्रेस और एनडीए की विकास दर में साफ फर्क है! एक ऐसा सिस्टम था जहां काम हमेशा अटकता और टलता रहता था, जबकि आज का सिस्टम कहता है कि काम समय पर और बड़े पैमाने पर होगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### त्रिपक्षीय समझौता



भारत सरकार, असम और नागालैंड सरकार के बीच एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे पूर्वोत्तर में दशकों से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। इस क्षेत्र में तेल और गैस की खोज का रास्ता खुल गया है। यह भारत की एकता का बेहतरीन उदाहरण है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विपक्ष गैरजिम्मेदार



आज विपक्ष कितना गैरजिम्मेदार हो गया है! अगर हम हिमाचल प्रदेश जीत जाते हैं, तो हम शेर बन जाते हैं, लेकिन अगर चुनाव हार जाते हैं, तो चुनाव आयोग खराब हो जाता है! आप किस तरह की पार्टी बन गए हैं, आपकी क्या हालत है?

- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राणा को श्रद्धांजलि



भारत के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में से एक और एथलीटों की कई पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण और भारतीय खेल जगत में उनके अपार योगदान ने हमारे राष्ट्र पर अमिट छाप छोड़ी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# पाक में गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हुई


पाकिस्तान में पिछले छह वर्षों में गरीबी सात प्रतिशत बढ़ गई है जिससे लगभग 2.7 करोड़ लोग गरीबी के दायरे में आ गए हैं और इसके साथ ही देश में कुल गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हो गई है। देश के राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, को बृहस्पतिवार को वार्षिक प्रक्रिया के तहत जारी किया गया। यह प्रक्रिया संघीय बजट पेश किए जाने से पहले आर्थिक संकेतकों को साझा करने के लिए की जाती है। इस सर्वेक्षण में सामने आया है कि वर्ष 2018-19 में गरीबी का स्तर 21.9 प्रतिशत था, जो 2024-25 में बढ़कर 28.9 प्रतिशत हो गया।



## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं?

पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मत्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है।



## संक्षेप

### सोमवती अमावस्या पर बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर रहा आस्था का केन्द्र

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। सोमवती अमावस्या के अवसर पर बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर किया जलाभिषेक। सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम। जिले के खैरी घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार के मजरा महादेव स्थित मनोकामना सिद्ध बूढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर आज सोमवती अमावस्या व अधिक मास के समाप्ति पर आस्था का केंद्र बना रहा। सोमवती अमावस्या पर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं ने आकर देव देव महादेव को जल अर्पण कर कुशल क्षेम की कामनाएं किया। सुरक्षा के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक खैरी घाट प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मुख्य रास्तों पर बैरिकेडिंग की गई थी, वही मंदिर का गर्भद्वार निमार्णाधीन होने के चलते बाहरी द्वारा से ही जलाभिषेक हेतु डोंगा लगाकर जलाभिषेक की व्यवस्था की गई थी जिस की भीड़ पर नियंत्रण किया जा सके और किसी श्रद्धालु को कोई क्षति ना पहुंचे। इस अवसर पर चौकी प्रभारी वैवाही मय पुलिस बल मौजूद रहे।

### घाघरा घाट संजय सेतु पर बड़े वाहनों का आवागमन आज से शुरू

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। लगभग दो महीने से मरम्मत कार्य के चलते बंद चल रहे घाघरा घाट संजय सेतु पर अब बड़े वाहनों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। मंगलवार 16 जून की सुबह से ट्रक, बस, डीसीएम समेत भारी वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो जाएगा। बताया जा रहा है कि पुल पर बीते करीब दो माह से रिपेयरिंग का कार्य चल रहा था, जिसके कारण भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। वहीं पिछले एक सप्ताह से छोटे वाहनों का संचालन ट्रायल के तौर पर शुरू किया गया था। ट्रायल सफल रहने के बाद प्रशासन द्वारा अब बड़े वाहनों के संचालन की अनुमति दे दी गई है। मंगलवार सुबह से भारी वाहनों के आवागमन शुरू होने से यात्रियों, व्यापारियों और परिवहन से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल बंद होने के कारण लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा था, जिससे समय और ईंधन दोनों की अतिरिक्त खपत हो रही थी। अब सेतु पर भारी वाहनों की आवाजाही बहाल होने से आवागमन सुगम हो जाएगा।

### पीआरवी ने बचाई युवक की जान

उत्तर प्रदेश पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 ने एक बार फिर मुस्तैदी का परिचय दिया है। अमेठी में पीआरवी 5344 पर तैनात कर्मियों की तत्परता से फांसी लगा रहे एक व्यक्ति की जान बचाई गई। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस महानिदेशक यूपी 112 विनोद कुमार सिंह ने पीआरवी कर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया है।

# हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मान समारोह

## अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों, साहित्यकारों और समाजसेवियों का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन, बहराइच के तत्वावधान में स्थानीय सी.आर. रिसॉर्ट में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह ऐतिहासिक, भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। भारत और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से पधारे पत्रकारों, साहित्यकारों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों तथा बुद्धिजीवियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस काउंसिल ऑफ नेपाल के पूर्व सदस्य पूर्ण लाल चुके ने की।मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवगाथा का स्मरण करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों के संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, शिक्षित और सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की वास्तविक शक्ति है।अति विशिष्ट अतिथि एवं पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि सत्य, निष्पक्षता, साहस और जनसेवा की उस गौरवशाली परंपरा का उत्सव है जिसने समाज और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की है।कार्यक्रम के उद्घाटक एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य रजा हुसैन रिजवी, अंतरराष्ट्रीय अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सिराज खान, डॉ. डक्ट प्रसाद धिताल, सविता चंद ठकुरी सहित सभी वक्ताओं ने पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सकारात्मक, रचनात्मक और जनपक्षधर पत्रकारिता का आह्वान किया।इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देश-विदेश से आए पत्रकारों, समाजसेवियों, कवियों, शायरों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति-पत्र एवं हाथ घड़ियां भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान सभागार बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।इस भव्य आयोजन पर पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करण टेकड़ीवाल, जिले के वरिष्ठ सर्जन डॉ0 एम0 एम0 अर्शी , जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, पूर्व डीआईजी जुगुल किशोर तिवारी, सालिग राम वर्मा, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी रेहान खां आढ़ती, वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र मणि त्रिपाठी, समाजवादी चिंतक डॉ. राधेश्याम वर्मा, जमील अहमद फारूकी एडवोकेट, अनिल त्रिपाठी, सिद्धनाथ श्रीवास्तव एडवोकेट, व्यापार मंडल नगराध्यक्ष दीपक सोनी दाऊ जी, व्यापारी नेता सुनील बंसल, सुनील गांधी, किसान पी.जी. कॉलेज के सचिव मेजर डॉ. एस.पी. सिंह तथा वरिष्ठ समाजसेवी अनिल प्रधान ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों एवं विभिन्न जनपदों से आए पत्रकारों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसोसिएशन के मंडलाध्यक्ष शादाब हुसैन, जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, अनवार खां मोनू, संयोजक के.के. सक्सेना, सीताराम गुप्ता, रियाज अहमद, सचिन श्रीवास्तव तथा अवांकित श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।कार्यक्रम में साहित्य की सरिता भी अविरल रूप से प्रवाहित हुई। देश के प्रसिद्ध जनकवि अदम गोंडवी के उत्तराधिकारी दिलीप गोंडवी, डॉ. दिनेश त्रिपाठी शम्स , पी.के. प्रचंड, रईस सिद्दीकी, सैय्यद सगीर आबिद रिजवी, अमर सिंह विसेन तथा डॉ. मुमताज शीरीन ने अपनी सशक्त कविताओं और शायरी के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन यथार्थ को स्वर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर करने के साथ-साथ गुदगुदाने पर भी मजबूर कर दिया।कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकार हेमंत मिश्रा, विपिन अग्रवाल, एस.एम.एस. जैदी, मनीष मल्होत्रा, शारिक रईस, कमाल नजीब, संजय अवस्थी, अजीम मिर्जा, उमाकांत शुक्ला,अजय शर्मा,राजीव शर्मा, महेश गुप्ता, अजय त्रिपाठी, जय चंद सोनी, महेंद्र मिश्रा, रामगोपाल गुप्ता, आफताब वारसी, हरगोविंद पांडेय, अनुराग गुप्ता, नूर आलम वारसी, अजमल शाह,राहुल उपाध्याय, अब्दुल मजीद खां, पंकज जायसवाल, खालिद खान, रमेश गुप्ता, मानस यज्ञसैनी, सैय्यद नसीम अहमद रिजवी, गुलशन अवस्थी, दिनेश शर्मा, विमल श्रीवास्तव, शैलेश शर्मा, रितेश मलिक, जितेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, इरशाद अली, मो. इमरान, जगत मालिक, मो. सलीम, आजाद खां, अब्दुल कादिर खां, असलम खां, अहमद हुसैन, सरफराज सिद्दीकी, वसीम हसन रजा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष पर आयोजित यह समारोह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और साहित्यिक चेतना का उत्सव बनकर उभरा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि बदलते समय में भी सत्य, निष्पक्षता और जनहित की पत्रकारिता ही समाज और लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।

# मटेरा पुलिस के नाक के नीचे चल रहा जुए और नशे का कारोबार

### बहराइच पुलिस की छवि खराब करने में जुटी मटेरा पुलिस

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। बहराइच में तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव को बदनाम करने में मटेरा की पुलिस जुटी हुई है। चाहे जुए का कारोबार हो या नशे का कारोबार पुलिस के संरक्षण में खूब फल फूल रहा है। वही नशे और जुएं के कारोबार के चलते कई घरों के लोग बर्बाद होने की कगार पर पहुंचते गए हैं। बता दे की मटेरा थाने के नाक के नीचे जुए और नशे का कारोबार जमकर चलाया जा रहा है। जुआ खेलते हुए एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते पर वीडियो में 10-15 लोग एक गोले में बैठे हुए ताश के पत्ते और कुछ नोटों के साथ दिखाई पड़ रहे हैं। एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा बताया गया कि यह खेल पुलिस की मिली भगत द्वारा चल रहा है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस को जब जानकारी दी गई तो पुलिस के द्वारा ही उन लोगों को वहां ना खेल कर कहीं और जाकर खेलने को कहा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत कई बार पुलिस थाने पर की गई है लेकिन पुलिस इस पर मौन साधे रहती है। इससे प्रतीत होता है कि पुलिस की जरूर जुआरियों और नशेड़ियों से साठ गांठ है। इससे स्थानीय लोगों में बहुत ही रोष है। स्थानीय लोगों को कहना है कि अगर इस पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन का रूप लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा पहुंचाया जाएगा। एक तरफ जहां योगी जी की सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है वही मटेरा पुलिस मुख्यमंत्री की बातों को ठेंगा दिखा रही है

# मंदिर जीर्णोद्धार में 60 लाख के घोटाले के आरोपों पर नगर पंचायत का पलटवार

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। बिलेश्वर महादेव मंदिर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में कथित 60 लाख रुपये के भ्रष्टाचार और भुगतान के आरोपों को लेकर पुरवा नगर पंचायत प्रशासन ने अपना पक्ष सार्वजनिक करते हुए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सोशल मीडिया पर लगातार प्रसारित हो रही खबरों के बीच नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष और क्षेत्रीय सभासद ने आरोपों को तथ्यों से परे बताया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) संदीप कुमार ने कहा कि संबंधित कार्य के लिए अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में 60 लाख रुपये के गबन या वित्तीय अनियमितता के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि बिना तथ्यात्मक जांच के सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियां प्रसारित की जा रही हैं, जिससे जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने भी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि किसी भी कार्यदायी संस्था के भुगतान की प्रकिया तभी कराई जाती है जब कार्य पूरा हुआ हो, उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में न तो कोई भुगतान हुआ है और न ही कार्यदायी संस्था ₹मेसर्स संदीप शुक्ला कंस्ट्रक्शन₹ को लेकर लगाए जा रहे आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना प्रमाण के जनप्रतिनिधियों और संस्थाओं की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। वार्ड संख्या-1 की सभासद ज्योति वर्मा ने बताया कि उनके क्षेत्र में मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का प्रस्ताव अवश्य था, लेकिन इसके लिए कोई धनराशि स्वीकृत अथवा जारी नहीं की गई। ऐसे में भुगतान और धन के दुरुपयोग से जुड़े आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर बिलेश्वर महादेव मंदिर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में लगभग 60 लाख रुपये के कथित घोटाले के आरोप लगाए जा रहे हैं। जो पूरी तरह से झूठे और निराधार है।

# खेत में जामुन के पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच।जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 20 वर्षीय युवक का शव गन्ने के खेत में जामुन के पेड़ से गमछे के सहारे लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार रामपुर धोबिया निवासी अभिलाष (20 वर्ष) पुत्र बुधई धोबी बीते शनिवार दोपहर लगभग 3 बजे घर से घास काटने के लिए निकला था। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रामकुमार मिश्रा के गन्ने के खेत में जामुन के पेड़ से उसका शव गमछे के सहारे लटका मिला। शव मिलने की सूचना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन शव को पेड़ से उतारकर घर ले आए, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पाकर बैबाही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पहुंची फील्ड यूनिट ने भी साक्ष्य संकलित किए। पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्रवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मृतक के पिता ने बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाए जाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। चौकी प्रभारी बैबाही शशि प्रताप सिंह ने बताया कि युवक का शव खेत में गमछे से लटका मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# सशस्त्र सीमा बल ने मनाया 'विश्व रक्तदाता दिवस'

## अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक किया 30 यूनिट रक्तदान

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।14 जून 2026 को भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल की 59वीं वाहिनी मुख्यालय नानपारा में 'विश्व रक्तदाता दिवस' मनाया गया।इस दौरान एक विशाल रक्तदान शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी पंकज कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों में सुरक्षित रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना और जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर स्थानीय अस्पताल के योग्य डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने उपस्थित रहकर पूरी तकनीकी और चिकित्सीय देखरेख में रक्त संग्रह का कार्य संपन्न कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकज कुमार ठाकुर ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी और निस्वार्थ सेवा है। सरहद की सुरक्षा के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन की रक्षा करना भी सशस्त्र सीमा बल का परम कर्तव्य है। हमारे जवानों द्वारा दिया गया रक्त संकट के समय कई अमूल्य जीवनों को बचाने में सहायक सिद्ध होगा।

इस रक्तदान महा अभियान में 59वीं वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ और जवानों ने अत्यंत उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। इसके साथ ही, वाहिनी द्वारा सीमावर्ती गांवों से आए स्थानीय युवाओं और नागरिकों को भी रक्तदान के वैज्ञानिक लाभों से अवगत कराया गया और उन्हें भविष्य में इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के समापन पर सभी रक्तदाता जवानों और नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम के अध्यक्ष डॉ सीपीएन गौतम का हुआ तबादला

## नवागत अध्यक्ष डॉ आरसी वर्मा ने संभाला पदभार

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर सीपीएन गौतम का तबादला हो गया है। वही नवागत अध्यक्ष डॉक्टर आरसी वर्मा ने केंद्र पहुंचकर अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया है। नवागत केंद्र अध्यक्ष ने जहां पदभार ग्रहण किया वहीं वर्तमान में तैनात डॉक्टर सीपीएन गौतम का तबादला होने के बाद विदाई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया और उन्हें विदाई देकर उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी गई।कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के रूप में डॉ. आरसी वर्मा ने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार सम्भाला। उप कृषि निदेशक डॉ विनय कुमार वर्मा ने केंद्र के नवागंतुक अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनायें दी। नवागंतुक अध्यक्ष ने वैज्ञानिको के साथ बैठक कर केंद्र पर संचालित परियोजनाओं को बेहतर तरीके से कार्यान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिको से टीम भावना के साथ काम करने की बात कही ताकि जिले के किसानो को तकनीकी जानकारी समय से मिलती रहे। और साथ ही सभी से परिचय और कार्य की जानकारी भी ली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा डॉ. आरसी वर्मा का स्थानांतरण विश्विद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र संतकबीरनगर से कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम के लिए हुआ है। इनके पहले बहराइच केंद्र पर डॉक्टर सीपीएन गौतम वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे जिनका कृषि विज्ञान केन्द्र संतकबीरनगर के लिए स्थानांतरण हो गया है। डॉ. आरसी. वर्मा के केंद्र पहुचने पर सभी वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. अरुण कुमार राजभर, डॉ. प्रियंका सिंह, प्राविधिक सहायक ग्रुप- ए कृषि विभाग सुधाकर शुक्ला तथा केंद्र के समस्त कर्मचारी अनिल पांडे,राजीव कुमार, संजय पांडे और चंद्र प्रकाश ने स्वागत किया।

# जनहित के मुद्दों पर अधिकारियों से मिली उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की टीम

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को बहराइच पहुंचकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान भारत-नेपाल सीमा से जुड़े रूपईडीहा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, सामाजिक सरोकारों तथा जनहित से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, जिला उपसचिव विनोद कुशवाहा, नगर उपाध्यक्ष रूपईडीहा इरशाद हुसैन, संगठन मंत्री रमेश मिश्रा तथा पूर्व ब्लॉक उपप्रमुख तेज प्रसाद वर्मा शामिल रहे। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा श्रम आयुक्त राम बहादुर यादव से औपचारिक मुलाकात कर जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ रूपईडीहा क्षेत्र की परिस्थितियों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान क्षेत्रीय समस्याओं एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को अधिकारियों के समक्ष रखते हुए उनके निराकरण के लिए आपसी समन्वय एवं जनहित में प्रभावी कार्यवाही की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास तथा आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

# थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया को एसपी ने किया सम्मानित

### कोर्ट से फरार हुए अपराधी को पकड़ने में थाना अध्यक्ष ने की थी कड़ी मेहनत

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। पिछले महीने थाना मोतीपुर क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) व मोतीपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया था और उसके ऊपर एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज हुआ था।अभियुक्त पड़ोसी देश नेपाल के जनपद नेपालगंज बांके का टेक बहादुर नेपाली था जो कोर्ट में पेश करने के बाद वहां से फरार हो गया था जिसमें दो पुलिस कर्मियों को भी निलंबित किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।थाना अध्यक्ष मोतीपुर ने कड़ी मेहनत करते हुए फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया द्वारा किए गए इस साहसिक और ऐतिहासिक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। थाना अध्यक्ष के सम्मानित होने पर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है।

# ब्लॉक सभागार शिवपुर में जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का आयोजन

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर संपन्न हुआकार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। विकास खंड शिवपुर के सभागार में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानपारा विधायक राम निवास वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में पंचायती राज विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से योजनाओं के बारे में पूछा। इस दौरान विधायक राम निवास वर्मा ने कहा कि ₹जब गांव विकसित होगा, तभी राज्य विकसित होगा।₹ उन्होंने कहा कि इसी संकल्प के साथ डबल इंजन की सरकार गांवों के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम को जिला महामंत्री प्रधान संघ सूर्यप्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू सिंह, मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जसवंत सिंह तथा मंडल महामंत्री संजय बाजपेयी ने भी संबोधित किया और सरकार की जनकल्याणकारीकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। खंड विकास अधिकारी शिवपुर आलोक वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।संचालन महावीर मंडल ने किया। इस अवसर पर प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कमला प्रसाद वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अमन वर्मा, क्षेत्र के ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भाई से विवाद के बाद छोटे भाई ने खाया जहर

**हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती, डॉक्टरों की सूझबूझ से बची जान**

बागपत , शहर कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में दो भाइयों के विवाद के बाद छोटे भाई ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे बागपत के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों की टीम की सूझबूझ से उसकी जान बच सकी। युवक मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और हरियाणा में निजी नौकरी करता है। वह कंपनी से छुट्टी लेकर निवाड़ा गांव स्थित अपनी बहन के घर आया था। यहाँ उसका भाई भी मौजूद था। दोनों भाइयों के बीच मामूली कहासुनी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि जहर खाने के कुछ ही देर बाद युवक के मुँह से झाग निकलने लगे थे। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया, जिससे समय रहते उसकी जान बचाई जा सकी। फिलहाल, डॉक्टरों की टीम उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है। सीएमएस डॉक्टर अनुराग ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हालत अब सामान्य है और उसका उपचार जारी है।

### खेकड़ा में विधवा महिला गंभीर रूप से घायल

**पड़ोसियों पर हमले का आरोप, पुलिस पर कार्रवाई न करने का इल्जाम**

बागपत , जनपद के खेकड़ा थाना क्षेत्र के विजय नगर वार्ड नंबर 2 से एक मामला सामने आया है, जहां एक विधवा महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट और गंभीर हमले का आरोप लगाया है। पीड़िता सपना, स्वर्गीय रामअवतार की पत्नी, अपने पांच बच्चों के साथ अकेले रहती हैं। पीड़िता के अनुसार, यह घटना 11 जून 2026 को हुई। आरोप है कि उनके पड़ोस में रहने वाले मुकेश पुत्र रमेश, शुभम और उनके अन्य परिजनों ने पहले उनके साथ गाली-गलौज की। जब सपना ने इसका विरोध किया, तो कथित तौर पर आरोपियों ने उनके घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।इस हमले में महिला को गंभीर चोटें आईं। उनके सिर में लगभग 9 टांके लगे हैं, और उनके पैर में भी गंभीर चोटें बताई गई हैं। घटना के तुरंत बाद, पीड़िता को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस मामले की रिपोर्ट खेकड़ा थाने में दर्ज कराई गई थी।हालांकि, पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दूसरी ओर, खेकड़ा के सीओ रोहन चौरसिया ने बताया है कि इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है।

### घर के अंदर मिला युवक का शव

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

बागपत ,कोतवाली क्षेत्र के नौरोजपुर गुर्जर गांव में 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शुक्रवार को युवक का शव घर के अंदर मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिसघटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल गांव पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

## 9 नहीं दानपात्र में सिर्फ एक नकली नोट

**प्रयागराज में अफसर बोले- जांच की जरूरत नहीं, नियमानुसार नष्ट कराया गया**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज , सिविल लाइंस स्थित श्रीहनुमत निकेतन मंदिर के दानपात्र में नकली नोट मिलने के मामले का खुलासा हो गया है। प्रशासन का कहना है कि दानपात्र से नौ नहीं, बल्कि केवल 200 रुपये का एक नकली नोट मिला था, जिसे नियमानुसार नष्ट करा दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध नहीं होने के कारण किसी जांच की आवश्यकता नहीं समझी गई है।एक दिन पहले दानपात्र से कई नकली नोट मिलने की चर्चा के बाद मामला सुर्खियों में आ गया था। सोमवार को मंदिर के प्रभारी रिसीवर एवं एडीएम सिविल सप्लाई विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि नौ नकली नोट मिलने की बात पूरी तरह गलत है। दानपात्र की गिनती के दौरान सिर्फ एक 200 रुपये का नकली नोट मिला था। फिलहाल इस मामले में कोई जांच नहीं कराई जा रही है।बैंक या आरबीआई ही करा सकते हैं मुकदमा जानकारों के अनुसार किसी नोट के नकली होने की पुष्टि बैंक द्वारा किए जाने के बाद एफआईआर दर्ज कराने का अधिकार बैंक या रिजर्व बैंक के पास होता है। सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर वीके सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों में सामान्यतः बैंक या आरबीआई ही कानूनी कार्रवाई शुरू करते हैं। उधर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल ने बताया कि पुलिस के पास इस संबंध में कोई प्रार्थना पत्र या शिकायत नहीं आई है। मंदिर प्रबंधन को लेकर चल रहा है विवाद श्रीहनुमत निकेतन मंदिर के प्रबंधन को लेकर लंबे समय से पदाधिकारियों के बीच विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय पहुंचने के बाद कोर्ट के आदेश पर 20 मार्च 2024 को मंदिर के लिए रिसीवर नियुक्त किया गया था।

## सरकारी अस्पताल में 5-5 हजार की रिश्वत

**घायलों के मेडिकल और रेफर करने के नाम पर वसूली**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,स्वास्थ्य विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। इलाज के लिए मरीज परेशान तो हैं ही साथ ही गांवों के सरकारी अस्पतालों मरीजों से रुपये वसूलने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कस्बा मऊआइमा का सामने आया है। यहां मारपीट के मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे परिवार से मेडिकल कराने और शहर के अस्पताल रेफर करने के नाम रिश्वत मांगी गई। 5 हजार रुपये की डिमांड पर 3 हजार रुपये दे दिए गए लेकिन अस्पताल कर्मचारी नहीं मानें।

**2 हजार रुपये न देने पर न तो मेडिकल रिपोर्ट दी गई न ही रेफर किया गया।**

रिश्वतखोरी, जबरन वसूली के एक नहीं दो मामले एक साथ सामने आए। जिन परिवारों से रुपये की डिमांग और वसूली की उनका वीडियो सामने आया है। महिलाएं साफ तौर पर बता रही हैं कि उनसे रुपये की मांग की गई। पूरी रकम न देने पर मामला उलझाया गया। सकरामऊ मऊआइमा की रहने वाली अर्चना का कहना है कि सीएचसी में उनसे मेडिकल में गंभीर चोट दिखाने, प्रयागराज के बेली अस्पताल रेफर करने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की गई। तीन हजार रुपये दे दिए लेकिन दो हजार रुपये और मांगे जा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठीं सवारी देवी का कहना है कि उनके बेटे को चोट लगी थी। मेडिकल के लिए रेफर करने के नाम पर असपताल में पांच हजार रुपये की मांग की गई। तीन हजार रुपये दे चुके हैं। दो हजार रुपये और देने को बोला गया है।

## युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो डालकर खुद को गोली मारी

**सिर में फंसी गोली, हालत गंभीर; पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मवाना में रात एक युवक ने कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। गोली युवक के सिर में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से पहले युवक ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर खुद को ही इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, मवाना थाना क्षेत्र की प्रीतनगर कॉलोनी निवासी देवांश रस्तोगी (सुबोध रस्तोगी का पुत्र) दोपहर से लापता था। इसी दौरान देवांश ने इंस्टाग्राम पर लगातार तीन वीडियो पोस्ट किए। इन वीडियो में उसने घटना के लिए स्वयं को जिम्मेदार ठहराया था। देवांश के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद अनहोनी की आशंका जताई। उन्होंने तुरंत उसके परिजनों को सूचित किया और युवक की तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद देवांश मवाना-हस्तिनापुर मार्ग पर मध्य गंगा नहर पुल के पास एक खेत में गंभीर हालत में पड़ा मिला। युवक के सिर के बाईं ओर गोली फंसी हुई थी और वह खून से लथपथ था।



उसके दोस्तों ने उसे तुरंत मवाना थाने पहुंचाया। पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल मेरठ रेफर कर दिया गया।

## सेंट्रल मार्केट में महिलाओं का धरना जारी

**एक महीने बाद भी नहीं निकला समाधान, जनप्रतिनिधियों से भी लगा चुकी गुहार**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,शास्त्रीनगर सेक्टर-3 और सेक्टर-4 के बीच सेंट्रल मार्केट प्रकरण को लेकर महिलाओं का धरना लगातार जारी है। धरने पर बैठी महिलाओं ने बताया कि उनके आंदोलन को एक माह और आठ दिन पूरे हो चुके हैं।वे रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक धरना स्थल पर बैठती हैं। उनका कहना है कि आंदोलन के कारण परिवार और बच्चों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।वहीं शास्त्रीनगर सेक्टर-2 में भी महिलाएं पिछले दो महीने से अपने घरों और दुकानों को बचाने की मांग को लेकर धरने पर बैठी हैं। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि उन्होंने सांसद अरुण गोविल के अनुरोध पर एक सप्ताह के लिए धरना स्थगित कर दिया था, लेकिन इस दौरान न तो कोई ठोस आश्वासन मिला और न ही समस्या के समाधान की दिशा में कोई कार्रवाई हुई। इसके बाद महिलाओं ने दोबारा आंदोलन शुरू कर दिया।



धरने पर बैठी महिलाओं का कहना है कि वे अपने प्रतिष्ठानों और मकानों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। आंदोलन के दौरान महिलाएं लगातार पूजा पाठ का भी सहारा ले रही हैं। कभी हवन, कभी सुंदरकांड पाठ तो कभी रुद्राभिषेक कर वे भगवान से अपने घर और प्रतिष्ठान सुरक्षित रखने की प्रार्थना कर रही हैं।महिलाओं ने मदद के लिए कई जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात की थी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने प्रतिष्ठान बचाने की मांग की थी, लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत या ठोस मदद नहीं मिल सकी है। महिलाओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा और उनके मकानों की सुरक्षा को लेकर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले का समाधान कराने की मांग की है।

## अंसल कॉलोनी में अवैध कब्जा हटाने पर विवाद

**दो पक्षों में भिड़ंत, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांत कराया**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , हाईवे स्थित अंसल कोर्ट यार्ड कॉलोनी में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान विवाद हो गया। कॉलोनी की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के प्रयास में दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पल्लवपुरम थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत कराया।यह विवाद एनएच-58 स्थित अंसल कोर्ट यार्ड कॉलोनी के ए-ब्लॉक से शुरू हुआ। यहां एक फ्लैट स्वामी ने अपने फ्लैट के पीछे खाली पड़ी कॉलोनी की जमीन पर रात के समय दीवार खड़ी कर एक कमरा बना लिया था, जिससे अवैध कब्जा हो गया था। आसपास के निवासियों ने इस पर आपत्ति जताई और जिलाधिकारी से शिकायत भी की थी।मामला कॉलोनी की रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के अध्यक्ष अजीत भराला के संज्ञान में आया। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद कॉलोनी की महिलाओं और अन्य निवासियों ने मिलकर इस कथित अवैध निर्माण को हटवा दिया। इस कार्रवाई के बाद कॉलोनी के अन्य निवासियों ने भी मांग उठाई कि जिन लोगों ने कॉलोनी की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है, उनके कब्जे भी हटाए जाएं। इस मांग का कुछ कब्जाधारकों ने विरोध किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। यह विवाद जल्द ही गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया।स्थिति को बिगड़ता देख कॉलोनी के गणमान्य लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया।



## '4 करोड़ को मकान-81 करोड़ को मुफ्त राशन'

**प्रभारी मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई, बिजली कटौती पर चुप्पी साधी**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , कैबिनेट मिनिस्टर और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने जिला मुख्यालय पर मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धि गिनाईं। उन्होंने कहा- हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की उस यात्रा की बात कर रहे हैं, जिसने देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दी है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी ताकत है, जनता का अटूट विश्वास और सरकार का सेवा भाव। हालांकि बिजली कटौती के मुद्दे पर उन्होंने चुप्पी साध ली। प्रभारी मंत्री ने कहा- वर्ष 2014 में देश ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा किया, वर्ष 2019 में पहले से भी बड़ा बहुमत देकर उस पर मुहर लगाई, और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफ कर दिया है कि देश सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम देखता है। इसी जन-विश्वास की बदौलत आज देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। सबका साथ सबका विकासलगातार तीसरी बार शपथ लेने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहला काम पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर करके किया। यह इस बात का सीधा सबूत है कि इस सरकार के लिए गरीब, किसान, युवा और महिलाएं ही सबसे पहले आते हैं। मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक जनआंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़



लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। साथियों, तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीधे बैंक खातों में पैसा भेजकर लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया इससे न सिर्फ आम आदमी का काम आसान हुआ, बल्कि देश के 4.31 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बच गए।आज देश की सीमा सुरक्षित हाथों मेकैबिनेट मंत्री ने कहा- आज देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता बल्कि मुंहतोड़ जवाब देता है। सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति की वजह से देश आज नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है और हमारा रेड कॉरिडोर' अब 'ग्रीन ग्रोथ जोन' में बदल चुका है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी अब कटमनी और भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म हो रही है और वहां के लोगों को उनका हक मिल रहा है। जनकल्याण और समावेशनगरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

## कारोबारियों को मिले दुकान खाली करने के नोटिस

**सीएम ग्रिड काम के चलते कार्रवाई, दुकान की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग उठी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,कई सड़कों को सीएम ग्रिड योजना के तहत बनाया जा रहा है, इसी में सर्किट हाउस से साकेत चौराहे तक की सड़क भी बनाई जा रही है। जिसमें सर्किट हाउस के सामने निगम द्वारा लोगों को आवंटित की गई दुकानों को हटाने के नोटिस निगम द्वारा व्यपारियों को दे दिए गए हैं।दुकानदार रामू साहू ने बताया कि उनकी दुकान लंबे समय से निर्धारित स्थान पर संचालित हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि दुकानें हटाई जानी हैं तो पहले यह स्पष्ट किया जाए कि वैकल्पिक दुकानें कहां और कब उपलब्ध कराई जाएंगी। उनका कहना है कि अब तक उन्हें किसी प्रकार का लिखित आदेश या वैकल्पिक व्यवस्था संबंधी दस्तावेज नहीं दिया गया है। दुकानदारों ने मांग की कि नगर निगम पहले उन्हें नई जगह आवंटित करे या लिखित रूप से यह आश्वासन दे कि निर्धारित समय सीमा में नई दुकानें बनाकर उपलब्ध करा दी जाएंगी। उनका कहना है कि वे नई दुकान में अपना सामान व्यवस्थित करने के बाद ही पुरानी दुकान खाली कर पाएंगे। प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि यदि पहले दुकानें खाली कराई जाती हैं तो उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पुनर्वास की स्पष्ट योजना और समय-सीमा सार्वजनिक की जाए, ताकि व्यापारियों को अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था और लिखित आश्वासन के दुकानें खाली कराना उनके लिए स्वीकार्य नहीं होगा। वहीं, इस मामले में नगर निगम के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।इसी के साथ अखिल भारतीय हिंदु सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने दुकानदारों का समर्थन करते हुए कहा कि पिछले लगभग 35 सालों से यह सभी दुकानदार निगम को समय पर किराया देकर यहां दुकान चला अपने परिवार को पाल रहे हैं। ऐसे में अचानक इनकी दुकानों को हटाना इनकी रोजी- रोटी छीनना जैसा है। यदि निगम द्वारा दुकानदारों को जगह और समय नहीं दिया जाता है तो वह निगम और ठेकेदार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।



## 2 विदेशी ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**नाइजीरियाई युवक यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में सप्लाई करते थे**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा की थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने दो विदेशी ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों नाइजीरियाई मूल के नागरिक हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 39.27 ग्राम क्रिस्टल,मेथामफेटामाइन ड्रग्स (कोकीन/मेथाक्वालीन) बरामद की है। इसके साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और एक स्कूटी भी जब्त की गई है।पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चेकिंग के दौरान पकड़ा पुलिस ने थाना ईकोटेक प्रथम क्षेत्र में श्मशान भूमि कट औद्योगिक क्षेत्र के पास चेकिंग के दौरान इन्हें पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नाइजीरियाई मूल के एंथोनी चिनवुबा उर्फ डेविड और आमोस मूसा (लकी) के रूप में हुई है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## 11 बाइक के साथ 2 चोर गिरफ्तार

**2 साल से कर रहे थे चोरी, 100 से ज्यादा बाइक चुराई**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। साथ ही एक आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी मिला है।एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया- 12 जून को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर सेक्टर-28 से सोनू हलदर और नाजिम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने पिछले करीब दो सालों से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की। आरोपी चोरी की गई मोटरसाइकिलों को सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखते थे और बाद में उन्हें बेचने की फिराक में रहते थे।

### दिल्ली से भी चोरी की गई बाइक

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह अब तक 100 से ज्यादा बाइक चोरी कर चुका है। बरामद मोटरसाइकिलों में दिल्ली और गौतमबुद्धनगर समेत विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किए गए वाहन शामिल हैं। इनमें कई बाइक दिल्ली के ज्योति नगर, न्यू अशोक नगर, बदरपुर और समयपुर बादली थाना क्षेत्रों से चोरी हुई थीं। दोनों के खिलाफ पहले भी दर्ज हो चुके मुकदमें गिरफ्तार आरोपी सोनू हलदर, सेक्टर-44 स्थित छलेरा गांव का निवासी है, जबकि नाजिम मूल रूप से हरदोई का रहने वाला है और वर्तमान में छलेरा में रह रहा था।




## ऑनलाइन मंगाए वेज पुलाव में निकले कीड़े

**युवक ने बनाया वीडियो, 20 साल पुराने रेस्टोरेंट के संचालक ने माफी मांगी**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में एक रेस्टोरेंट से ऑनलाइन ऑर्डर किए गए वेज पुलाव में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। यह घटना रामपुर मार्केट स्थित एक निजी रेस्टोरेंट की है। युवक ने एक ऑनलाइन ऐप के जरिए इस रेस्टोरेंट से वेज पुलाव ऑर्डर किया था। युवक का कहना है कि वेज पुलाव में कीड़े निकले थे। युवक ने कीड़े दिखाते हुए वीडियो भी बनाया है मामला ग्रेटर नोएडा के रामपुर मार्केट स्थित कान्हा रेस्टोरेंट से जुड़ा है। पाली गांव निवासी राहुल ने एक ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप के जरिए रेस्टोरेंट से वेज पुलाव समेत अन्य खाद्य सामग्री ऑर्डर की थी। इसके लिए उन्होंने डिलीवरी बॉय को करीब 400 रुपए का भुगतान किया था।परिवार के साथ खाना खाते समय दिखे कीड़े राहुल के मुताबिक, जब उन्होंने घर पर परिवार के सामने खाना परोसा, तो वेज पुलाव में कीड़े दिखाई दिए। यह देखकर परिवार के लोग हैरान रह गए।इसके बाद राहुल ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया।रेस्टोरेंट के पास लाइसेंस और फूड सेफ्टी वैध रजिस्ट्रेशन है। ये रेस्टोरेंट 20 साल से ज्यादा पुराना है।



# हैबतपुरा में वृद्ध महिला के घर निकला रसल वाइपर

### वन विभाग की टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। तहसील क्षेत्र के ग्राम हैबतपुरा में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक वृद्ध महिला के घर में लगभग 4 फीट लंबा सर्प दिखाई दिया। सर्प को देखते ही घर के लोगों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गरौठा वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में सर्प मित्र मयंक ठाकुर एवं उनके सहयोगी मोनू पाठक आवश्यक उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने काफी सावधानी और सतर्कता के साथ घर में छिपे सर्प की तलाश शुरू की। कुछ देर की मशक्कत के बाद सर्प को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। सर्प मित्रों ने ग्रामीणों को सर्पों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सर्प दिखाई देने पर घबराने के बजाय तुरंत वन विभाग अथवा प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने लोगों से सर्प को स्वयं पकड़ने या मारने का प्रयास न करने की अपील की। वन क्षेत्राधिकारी जगदंबा पाठक ने बताया कि रेस्क्यू के बाद सर्प की पहचान रसल वाइपर के रूप में की गई। सर्प को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से एक संभावित हादसा टल गया तथा ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम और के कार्य की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# झारखंड धाम में सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### धसान नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

गरौठा। बुन्देलखण्ड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि झारखंड धाम में सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों भक्तों ने धसान नदी में पवित्र स्नान कर पूजा-अर्चना की तथा भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सोमवार तड़के सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह 10 बजे तक मंदिर परिसर और नदी तट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब दिखाई दिया। दोपहर तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। अत्यधिक भीड़ के कारण मार्गों पर कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं ने धसान नदी में स्नान करने के बाद मुख्य मंदिर में दर्शन किए तथा पवित्र नागनाथ पर्वत की परिक्रमा कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। मंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और दानदाताओं द्वारा भंडारा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान विद्युत व्यवस्था बाधित होने से कुछ समय के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हुई। वहीं बाहर से आए श्रद्धालुओं ने तीर्थ स्थल तक बेहतर सड़क सुविधा की आवश्यकता भी बताई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक लहचूरा सरिता मिश्रा के निर्देशन में चौकी प्रभारी गुढ़ा महेशचंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। मंदिर में महंत ज्ञानदास, राजू दास, सीताराम दास, बालकदास सहित अन्य संतगण उपस्थित रहे।



# शाहाबाद एसडीएम मामले में शासन/प्रशासन की विस्मयकारी चुप्पी?

### जनमानस अचंभित: पीड़ित ग्रामीणजन भयभीत

### यदि सत्ताई पजामा के ₹नारा₹ न होते लालाराम तो क्या शासन प्रशासन की दोमुंही कार्यशैली अपनाई जाती?

अमन लेखनी समाचार



शाहाबाद(हरदोई): एक सवाल तो पूछा ही जा सकता है शासन और प्रशासन से कि आमजन के मामले में भी सत्ताई व प्रशासनिक अमला इसी प्रकार से चुप्पी अख्तियार करता?

यदि सत्ताई पजामा के ₹नारा₹ न होते लालाराम तो क्या शासन प्रशासन की दोमुंही कार्यशैली अपनाई जाती? ऐसी चचाएं विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ी घटना होने पर भी किसी दोषी व्यक्ति पर कार्यवाही न किया जाना नगर में सत्ताई इच्छाशक्ति को पुष्ट होने की चचाएं आम है। इस प्रकरण में दोषी तो है ही जो भी हो जांच का विषय है। किंतु जनता इन चोर चोर मौसेरे भाई की कार्यशैली का खुलासा चाहती है, कार्यवाही होनी चाहिए दोषी जो भी हो ऐसी मांग भी की जा रही है। वहीं प्रशासनिक आला अधिकारी चुप्पी साधे हुए है और नेताओं की बैठकें जारी है। जनता टुक टुक दी दम दम न कसी दम की स्थिति में तमाशबीन नजर आ रहा है। विगत 8 जून की घटित घटना से यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि शासन और प्रशासन में बैठे लोगों के लिए अन्याय भी न्याय ही की दृष्टि से देखा, समझा और समझाया जाता है। सत्ता दल से जुड़े लोगों के लिए कोई जुर्म नहीं होता यदि होता भी है तो उससे बचने के लिए संविधान को भी बलाए ताख रख दिया जाता है। वहां पर केवल ₹अपना साथ और अपना विकास₹ का दृष्टिकोण अपनाकर दोषियों को संरक्षण प्रदान किया जाता है? हरदोई के शाहाबाद एसडीएम पर हमले के मामले में जिस उदयवीर को लेकर विवाद हुआ वह जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत सत्ता दल के संरक्षण प्राप्तकर्ता, अपनी किसान बिरादरी पर अच्छी पकड़ रखने वाले ठेकेदार के पुत्र बताए जाते हैं। जोकि किसान बिरादरी से ताल्लुक रखने वाले लालाराम राजपूत भाजपा के छोटे बड़े सभी कार्यक्रमों में प्रमुख नेताओं के बगलगीर का रुतबा रखने वाले और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा मंत्री के शरणागत रहने के प्रतिफल में प्रशासनिक अधिकारी पर हुए दुस्साहिक हमले के बावजूद सत्ता दल से जुड़ा कोई भी व्यक्ति इसे कानून व्यवस्था का उल्लंघन मानने के लिए तैयार नहीं है? दूसरी ओर देखा जाए तो शाहाबाद एसडीएम प्रकरण में सत्ताई हनक में प्रशासनिक मशीनरी मौन है। गांव में हुई उक्त घटना से बिलबिलाकर भागने वाले आज भी घरों में जाने से डर रहे, गांव की गलियों में पसरा सन्नाटा किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं प्रतीत हो रहा? और इसी कड़ी से जुड़े एसडीएम की घायलावस्था से वादकारियों के कामकाज भी प्रभावित हुए। और बेचारी जनता भटकने को मजबूर है। मामला सत्ता दल से जुड़ा होने के फलित पावर प्रेशर का प्रयोग कर क्या किसी एक का पवार जरूर बढ़ने से जनता इनकार भी नहीं कर रही है। उक्त घटना से गांववासी बेघर भटकते रहे। मामला सीधे सत्ता दल से जुडा होने के कारण न प्रशासनिक अधिकारी जुबान खोल रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि। वहीं सोशल मीडिया के जरिए कुछ लोग प्रशासन तो कुछ लोग गांव वालों के स्वार्थी कसीदे पढ़ने में जुटे हैं। वहीं गांव में प्रशासनिक निगरानी से गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बीते सोमवार की शाम एसडीएम शाहाबाद सुशील कुमार मिश्रा परियल गांव में गर्रा नदी से आने वाली सम्भावित बाढ़ का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां उन्हें गांव के अन्नपूर्णा भवन में परचून साथ की दुकान संचालित होते मिली। जिस पर उन्होंने पूछताछ की। बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत के पुत्र उदयवीर ने एसडीएम से अभद्र भाषा में बात की। जिस पर एसडीएम ने उन्हें अपनी गाडी में बैठा लिया। हालांकि कुछ देर बाद कतिपय कारणों से उन्होने उसे छोड़ दिया। इसके बाद दर्जनों ग्रामीण लाठी-डंडों से लैस होकर एसडीएम की तरफ दौड़ पड़े। जिनमें महिलायें भी शामिल थी। महिलाओं ने एसडीएम की गाड़ी पर पथराव किया। एक पत्थर एसडीएम के सिर में लगा। जिससे वह घायल हो गए। यह खबर जैसे ही आला अफसरों को मिली, उनमें खलबली मच गई। आनन-फानन में वरिष्ठ अधिकारी शाहाबाद पहुंच गए। एसडीएम को सीएचसी लाया गया। उधर गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पता चला कि पुलिस ने कुछ लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की है। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। फिलहाल जनपद के किसी भी आला अधिकारी द्वारा अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। आला अफसरों ने सिर्फ दोषियों को किसी भी कीमत पर न बख्शने और उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। हालांकि इस सम्बन्ध में डीएम सहित अन्य अफसरों से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, किन्तु किसी का फोन अटेंड नहीं हुआ। उधर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तमाम तरह की प्रति। क्रियाये देखने को मिली हैं, जो अलग-अलग दोनो पक्षों की हिमायत में की जा रही हैं। जबकि किसी भी जनप्रतिनिधि की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र खुलकर लालाराम राजपूत के पक्ष में उतरे हैं। उन्होने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से एकतरफा कार्रवाई किसी भी तरह स्वीकार न करने की बात कही है। भाजपा के ही पूर्व पदाधिकारी कर्मवीर सिंह चौहान ने सोशल मीडिया के माध्यम से डीएम से एसडीएम के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं उक्त घटना में जिस तरह से प्रशासनिक व्यवस्था, कानून का उल्लंघन और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला होने की कड़ी निंदा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की माह करते हुए ज्ञापन दिया। उन्होंने हमले में शामिल व उकसाने वाले सभी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। विक्रम पांडे ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेश शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करेगा।

## खास समाचार

# आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा, मरीजों को मिला लाभ

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट। पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद पटेल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। पिपरी और रेणुकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आनंद पटेल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है, इसलिए सभी को स्वच्छता और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज और सावधानी से बीमारी को रोका जा सकता है। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सेवा का विशेष लाभ नगर और आसपास के क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोग उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन मरीजों को राहत मिलती है जिन्हें आर्थिक तंगी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पाता।

# निबंधन विभाग की नई व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं ने की कलमबंद हड़ताल



अमन लेखनी समाचार

संडीला। निबंधन विभाग से संबंधित नई व्यवस्था के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं, स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और अपनी मांगों के समर्थन में कलमबंद हड़ताल करते हुए मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने नई व्यवस्था को जनहित एवं अधिवक्ताओं के हितों के विरुद्ध बताते हुए विरोध जताया। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में संशोधन किए जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मोहम्मद नसीम खां एडवोकेट, मंत्री नागेन्द्र मिश्रा एडवोकेट, मुसाहेब अली एडवोकेट, अशोक सिंह एडवोकेट, राजेश यादव एडवोकेट, अनिल द्विवेदी एडवोकेट, मोहम्मद सुफियान एडवोकेट, मोहम्मद आलम खां एडवोकेट, मोहम्मद तौसीफ एडवोकेट, मोहम्मद शारुख एडवोकेट, मोहम्मद अहमद खां, शमीम अहमद खां, कन्हैया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्टाम्प वेंडर एवं दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर चोपन थाना परिसर में पीस कमेटी की हुई बैठक

चोपन/ सोनभद - शनिवार को थाना परिसर में ओबरा एसडीएम विवेक कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्योहार मोहर्रम पर्व को लेकर समस्त क्षेत्र के ताजियादारो से जानकारी प्राप्त की गई। वहीं एसडीएम विवेक कुमार ने समस्त ताजियादारों को हिदायत दी कि किसी भी नई परंपरा की शुरूआत नहीं होगी न हीं किसी अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन होगा। वही पुरानी परम्पपरा के अनुसार उसी रूट से जायेंगे जिस रूप से हमेशा जाते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से आए लोगों से कहा कि आगामी त्योहार मोहर्रम आपसी भाईचारे के साथ मनाएं किसी को भी कोई दिक्कत परेशानी हो तो तत्काल इसकी सूचना सीयूजी नंबर 9454404275 पर दे ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके पुलिस हर पल आपके साथ है अराजकता फैलाने वाले कत्तई बक्से नहीं जाएंगे। इस मौके पर अंजुमन सेक्रेटरी महफूज आरीफ, ताजियादार हाजी ग्यासुद्दीन, इश्हाक अहमद, नन्हे मास्टर, वाहिद खान, डाला चौंकी इंचार्ज धनश्याम तिवारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा 28 वर्षों से फरार हिस्ट्रीशीटर को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के हिस्ट्रीशीटर संख्या-78अ को गिरफ्तार किया गया थाना शक्तिनगर का हिस्ट्रीशीटर संख्या-78अ मुन्ना गुप्ता पुत्र मुनमुन गुप्ता उर्फ झनमुन गुप्ता निवासी बासी, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र विगत लगभग 28 वर्षों से अपने मूल निवास स्थान से फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न प्रकरणों में माननीय न्यायालय से एन.बी.डब्ल्यू. एवं अन्य न्यायालयीय प्रक्रियाएं निर्गत की गई थीं, किन्तु वह लगातार गिरफ्तारी से बचता रहा। पुलिस द्वारा की गयी गहन पतारसी, सुरागरसी एवं तकनीकी/स्थानीय सूचना संकलन के आधार पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अपना मूल निवास स्थान छोड़कर ग्राम कुसहा (नई बाजार), थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में रह रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# सीएम योगी ने एनेक्सी भवन में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

### जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर हुआ प्रजेंटेशन, परियोजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तीन दिवसीय गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को एनेक्सी भवन में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें गोरखपुर और आजमगढ़ मंडल के जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में पीडब्ल्यूडी के शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों का एक-एक कर प्रजेंटेशन किया गया, जिस पर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कौन-कौन से प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए हैं और किन प्रस्तावों पर अभी निर्णय लंबित है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े विकास कार्यों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी और प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट्स पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मंडलायुक्त और जिलाधिकारी (डीएम) गोरखपुर भी मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्रीय विकास कार्यों की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसके अलावा पुलिस विभाग के आला अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे, जिनमें एडीजी जोन, डीआईजी रेंज और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गोरखपुर शामिल रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में विकास कार्यों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था के पहलुओं पर भी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया।

# कोन में नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप, स्थानीय लोगों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार




कोन (सोनभद्र)। विकास खंड कोन अंतर्गत कोन बाजार थाना रोड पर पीयूष गुप्ता के घर से कोन-कचनरवा-विंढमगंज मार्ग तक कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग तथा निर्धारित मानकों की अनदेखी किए जाने के आरोपों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभाग से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला पंचायत विभाग की ओर से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नाली की खुदाई करने के बाद सोलिंग डाली गई और उसके ऊपर सरिया का जाल बिछा दिया गया, जबकि नियमानुसार पहले पीसीसी (प्लेन सीमेंट कंक्रीट) का कार्य होना चाहिए था। आरोप है कि पीसीसी का कार्य किए बिना ही सीधे आरसीसी (रिइन्फोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट) का निर्माण शुरू कर दिया गया, जिससे नाली की मजबूती और उसकी दीर्घकालिक गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान कई बार ठेकेदार और कार्य से जुड़े लोगों को इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि विरोध के बावजूद ठेकेदार मानकों के विपरीत कार्य कराने पर आमादा है। क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई है कि यदि इसी प्रकार से निर्माण कार्य किया गया तो बरसात के मौसम में नाली क्षतिग्रस्त हो सकती है और लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकारी धन से होने वाले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की जांच करें तथा यदि अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में अवर अभियंता आनंद शुक्ला ने दूरभाष पर बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि जांच के दौरान गुणवत्ता विहीन या मानकों के विपरीत कार्य कराए जाने की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि जनपद में हाल ही में कार्यभार ग्रहण करने वाले जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और बरसात के मौसम से पहले सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। इसके बावजूद यदि निर्माण कार्यों में अनियमितता की शिकायतें सामने आ रही हैं तो यह विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती हैं। नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर क्षेत्र के कई प्रमुख लोगों ने भी नाराजगी जाहिर की है। भाजपा मंडल कोन के नेता बृज कुमार जायसवाल, श्यामराज गुप्ता एडवोकेट, पीयूष गुप्ता तथा मुकेश पटवा समेत अन्य स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने के लिए क्या कदम उठाता है। क्षेत्र की जनता की निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

### महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# देवी मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका क्षेत्र स्थित देवी मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, सदर विधायक भूपेश चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद तथा भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण भी किया तथा नागरिकों से स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही सफल हो सकते हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधी जनमानस उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।


लाइफ Style

# नोरा
## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।



## हॉलीवुड मसाला




# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।



# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

## टीवी मसाला





# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है। हमारे देश की किसी भी गली या मोहल्ले में चले जाइए, आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो अपनी सूझबूझ से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेते हैं। इसकी वजह सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव होते हैं।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें, सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।



# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज


**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं। वह एनिमल (2023) में नजर आई थीं। इसे भी ए सर्टिफिकेट मिला था। शाहिद के लिए एडल्ट-रेटेड फिल्में कोई नई बात नहीं हैं।



कमीने (2009), उड़ता पंजाब (2016), कबीर सिंह (2019) और ओ रोमियो (2026) के बाद यह उनकी पांचवीं ऐसी फिल्म होगी। फ्रेंचाइजी 'कॉकटेल' का पहला भाग 2012 में रिलीज हुआ था। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने काम किया था। डायना ने इसी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। 'कॉकटेल 2' की तरह ही, ओरिजिनल फिल्म को भी होमी अदजानिया ने डायरेक्ट किया था। दोनों फिल्मों के बीच एक मुख्य अंतर है। सीक्वल के उलट पहले भाग को सीबीएफसी से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था, जिसका मतलब है कि यह सभी तरह के दर्शकों के लिए थी।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी अवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और



गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।

### साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग

एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि बात की जाए लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सबसे बेहतरीन सैड सॉन्ग्स के बारे में तो अभिनेत्री साधना का बेदर्दी बालमा तुझको.. गीत उसमें जरूर शामिल होगा। इस गीत को संगीतकार शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने तैयार किया था, जबकि लिरिक्स हसरत जयपुरी की कलम द्वारा लिखे गए थे।

## छोटे पर्दे से सफर शुरू कर बड़े पर्दे पर जमाए पांव

# इन फिल्मों में नजर आई थी सुशांत की दमदार अदाकारी

*नई दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे पढ़ाई मे अव्वल थे। डांस का उन्हें जुनून था। विज्ञान मे दिलचस्पी रखते थे। मगर, प्यार उन्हें अभिनय से हुआ। छोटे पर्दे से सफर शुरू करते हुए उन्होंने बड़े पर्दे पर पांव जमाए। उनका दौर शुरू ही हुआ था कि जिंदगी खत्म हो गई।*

### काय पो चे (2013)

टीवी के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में काम करने के बाद, इस फिल्म से सुशांत ने हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की। तीन युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में ईशान के रूप में सुशांत का किरदार खेलों में रुझान रखने वाले एक युवा का है। उसे राजनीति, व्यापार आदि में कोई दिलचस्पी नहीं है लेकिन एक वक्त ऐसा आता है जब ईशान जाने अनजाने में सब कुछ कर जाता है। इस फिल्म के साथ सुशांत अपनी पहली ही परीक्षा में सफल हुए और फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू के लिए नामित किया गया।

### शुद्ध देसी रोमांस (2013)

इस दूसरी फिल्म में सुशांत को एक रोमांटिक नौजवान के रूप में देखा गया। फिल्म के शीर्षक के अनुसार सुशांत सिंह राजपूत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों (वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा) के साथ पूरे रोमांटिक व्यक्ति लगे। पर्दे पर जिन दृश्यों को करने में अभिनेताओं को थोड़ी झिझक होती है उन दृश्यों को रघु के किरदार में सुशांत ने बेझिझक किया। इस देसी रोमांटिक कहानी में रघु को युवाओं ने बहुत पसंद किया।



**केदारनाथ (2018) :** केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत शुद्ध भाव से तीर्थ यात्रियों की सेवा करने वाले एक मुस्लिम युवक मंसूर खान के रूप में नजर आए। खालिस ब्राह्मण की लड़की (सारा अली खान) के साथ मोहब्बत करने से मंसूर की दिक्कतें बढ़ती हैं और उसे ब्राह्मणों के कोप का शिकार होना पड़ता है। मंसूर एक साहसी, ईमानदार और चरित्र का साफ शख्स है, जो आपदा आने पर बिना भेदभाव के सभी की मदद करता है।

### डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी (2015)

फिल्म 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' में सुशांत ने शानदार अभिनय किया। वे ब्योमकेश बक्शी के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में सुशांत के साथ आनंद तिवारी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिका में थे। IMDb पर इसे 7.6 की रेटिंग मिली है। आप 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**छिछोरे (2019) :** पिछले साल ही रिलीज हुई फिल्म छिछोरे में अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर अन्नी के रूप में सुशांत अपने बेटे को एक सबक सिखाने के लिए पूरी फिल्म की कहानी रचते हैं। अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों का उदाहरण देकर अन्नी अपने बच्चे को बताता है कि जिंदगी में असफल होने के बाद भी बहुत कुछ होता है। हम फिर से कोशिश कर सकते हैं। कहानी के आधार पर समीक्षकों की सराहना से परिपूर्ण इस फिल्म में सुशांत ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया।

**सोन चिड़िया (2019 ) :** 'सोन चिड़िया' फिल्म में सुशांत के साथ मनोज बाजपेयी और भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की एक्टिंग ने सबका दिल जीता। वे लखना नाम के बागी (डकैत) की भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया। बता दें कि सुशांत की आखिरी फिल्म थी 'दिल बेचारा' थी, जो उनके निधन के बाद साल 2020 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर में नहीं आई, बल्कि जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।